CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 15 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 216 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 17°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दलित विरोधी सोच वाली पार्टी कांग्रेस, सतर्क रहने की जरूरत : मायावती पेज 2



द्रविड़, बिन्नी और मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार खेल टाइम्स



ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप पेज 11



इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी बॉलीवुड

## 25वां रोज़ा

### नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल व मसरूफ



अल्लाह की मेहरबानी से माहे-रमजान का कारवां पच्चीसवें रोज़े तक पहुंच गया है। दोजख से निजात का अशरा चल रहा है। तरावीह के साथ-साथ नवाफिल पढ़ने और तिलावते- कुरआन का दौर जारी है। एतेकाफ भी परवान पर है। यानी रोज़ा रखने वाले रोज़ेदार, एतेकाफ करने वाले मोअतकिफ और नमाज पढ़ने वाले नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल और मसरूफ हैं। यानी दोजख से निजात के लिए रमज़ान के इस आखिरी अशरे में रोज़ेदार कोशां है। कोशिश और करम की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है।

# अमेरिका ने खार्ग द्वीप में 90 सैन्य ठिकाने किए तबाह

**तेहरान/ वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के एक अहम ठिकाने पर बड़ा हवाई हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

ट्रम्प के अनुसार यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से किया गया और इसका उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना था। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकाम) का दावा है कि उसने ईरान के खार्ग द्वीप पर 90 सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है।



■ यूएस सेना ने बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां सभी ईरानी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया: ट्रम्प

सेंटकाम ने शुक्रवार रात ईरान के खार्ग द्वीप पर हुए हमलों को बड़े पैमाने पर सटीक हमला बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक संक्षिप्त बयान में, उसने कहा कि हमले में नौसैनिक खदान भंडारण सुविधाओं, मिसाइल भंडारण बंकरों और कई अन्य सैन्य स्थलों को नष्ट कर दिया गया। बयान में आगे कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने 90 से अधिक ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, साथ ही तेल बुनियादी ढांचे को भी सुरक्षित रखा। एक ईरानी अधिकारी ने इससे पहले कहा था कि तेल कंपनियों की गतिविधियां जारी रहने के कारण द्वीप से निर्यात पूरी तरह से चल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया।

### ईरान ने यूएई के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना, लगी भीषण आग

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक बड़े तेल टर्मिनल में शनिवार को आग लग गई। यह घटना उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप स्थित अड्डों पर बमबारी की। बताया जा रहा है कि ईरान ने जवाब में यूएई के तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है। यह शहर एक बड़ा बंदरगाह स्थल है और क्षेत्र के तेल व्यापार में इसकी अहम भूमिका। यहां एक अहम तेल निर्यात टर्मिनल भी मौजूद है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह आग उस मलबे के गिरने से लगी, जो एक ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराने के बाद नीचे गिरा था।

### ईरान का सऊदी अरब में अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायुसेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है।

### बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला : मीडिया

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास परिसर के पास ड्रोन हमले की घटना सामने आई है। मीडिया में प्रसारित एक वीडियो में दूतावास परिसर के आसपास स्थित एक इमारत से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला सीधे अमेरिकी दूतावास परिसर पर हुआ है या आसपास के किसी अन्य इमारत पर हुआ।

# 92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक व नंदा

नई दिल्ली, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं।

एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि शिवालिक और नंदा नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लाजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक -शेष पृष्ठ दो पर




■ मौजूदा दौर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं टैंकर

### उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि देश के पास खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि उर्वरकों के स्टॉक के मामले में पिछले साल से बेहतर स्थिति है। यूरिया और एनपीके का भंडारण पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक है। विशेष रूप से डीएपी का स्टॉक पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।



### भारतीय नाविकों की सुरक्षित और सफल वापसी

**नई दिल्ली।** कमर्शियल शिपिंग और लॉजिस्टिक्स के अलावा, समुद्री क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक खबर सामने आई है। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के भीतर 30 भारतीय नाविकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। यह कदम समुद्री ऑपरेशंस से जुड़े मानव संसाधन की सुरक्षा और संकट प्रबंधन की सफलता को दर्शाता है। आपूर्ति तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ, घरेलू बाजार में गैस और आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले तत्वों पर भी कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

# सम्भल में नमाज पर रोक के मामले में हाईकोर्ट सख्त

## अदालत ने कहा: प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है, तो पद छोड़ दे

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में रमजान के दौरान नमाज पढ़ने पर प्रतिबंध से जुड़े मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या स्थानांतरण ले लेना चाहिए।

यह मामला सम्भल निवासी मुनाजिर खान द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्हें गाटा संख्या 291 स्थित मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज अदा करने से रोका जा रहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि कानून व्यवस्था की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाज पढ़ने वालों की संख्या सीमित कर दी है और केवल 20 लोगों को ही नमाज की अनुमति दी गई है। इस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह कानून का राज सुनिश्चित करे। यदि स्थानीय प्रशासन को कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है और वह स्थिति संभालने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या सम्भल से बाहर स्थानांतरण ले लेना चाहिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पूजा या नमाज किसी निजी संपत्ति पर की जा रही है तो इसके लिए राज्य से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होती। अनुमति की जरूरत तभी होती है जब धार्मिक आयोजन सार्वजनिक भूमि पर हो या सार्वजनिक संपत्ति को प्रभावित करता हो। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि वह मस्जिद या नमाज की जगह के फोटो और राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड पर पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को होगी, जब याचिकाकर्ता अतिरिक्त शपथपत्र के साथ सबूत पेश करेंगे।



■ निजी संपत्ति पर पूजा या नमाज की अनुमति लेना जरूरी नहीं: हाईकोर्ट




### अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है। इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है, जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मुजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का काम करता है।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एमएसपी नीति दोहरा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' के नाम पर सही ठहराया गया।

■ कहा: मोदी सरकार ने एमएसपी का वादा नहीं निभाया

# एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता: जस्टिस विक्रमनाथ

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है।

जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्ट बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि एआई महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी।

■ सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- एआई समय बचाने में मददगार, लेकिन अनुशासित फैसले लेने के काबिल नहीं

# जोधपुर जेल से रिहा हुए सोनम वांगचुक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई उस समय हुई जब केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को हटा दिया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह फैसला लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को हिरासत में लिया गया था। इससे ठीक दो दिन पहले लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बड़े प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 45 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें 22 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। हिंसा के बाद लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, ताकि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर स्थित जेल में भेज दिया गया था। वांगचुक की हिरासत रद्द करते हुए गृह मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी भरोसा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी पक्षों के साथ सार्थक और रचनात्मक बातचीत हो सके।



■ केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे एनएसए को हटाया
■ लद्दाख के नए उपराज्यपाल ने किया फैसले का स्वागत

# तृणमूल कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य के सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है।

ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। शनिवार को एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है, चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार! सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी।



■ कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार
■ कहा: बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा

## संक्षिप्त समाचार

### संसद में सांसदों को नहीं मिल रही चाय: कांग्रेस एमपी

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बिगड़े हालात की वजह से देश में गैस संकट पैदा हो गया है, जिसको लेकर शनिवार को संसद में सरकार और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। सरकार का दावा है कि स्थिति काबू में है और वह डिमांड को पूरा करने के लिए काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के भारी अंतर को उजागर किया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सांसदों को संसद में चाय मिलने में भी दिक्कत हो रही है और लोगों 'कालाबाजारी' के चलते बढ़ी हुई कीमतों लिए 1500 से 2000 रुपये देने पड़ रहे हैं। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि कमी है। मैं रोज़ा (व्रत) रख रहा हूं, लेकिन कल संसद में चर्चा का विषय यह था कि जब सांसदों ने संसद कैंटीन में चाय या काफी मांगी, तो उन्हें बताया गया कि यह उपलब्ध नहीं है और फिर भी आप दावा करते हैं कि घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कालाबाजारी की खबरें आ रही हैं, जिसमें कीमतें 1500 से 2000 रुपये तक मांगी जा रही हैं।

### रविदास हम सबके प्रेरणास्रोत: दत्तात्रेय होसबाले

**नई दिल्ली।** संत शिरोमणि सद्गुरु श्री रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष पर श्रद्धासुमन अर्पित करते दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि रविदास समरस समाज निर्माण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और राष्ट्रीय एकात्मता का प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बताया कि संत रविदास ने श्रम की प्रतिष्ठा, शुद्ध आचरण और जातिगत भेदभाव के त्याग पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दत्तात्रेय होसबाले ने कहा हमारी श्रेष्ठ संत परंपरा ईश्वर की भारत को एक विशेष पहचान देती है।

## एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर योगी सरकार की पैनी नजर

# 1483 स्थानों पर रेड, चार वितरकों पर एफआईआर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ छह लोग गिरफ्तार, 19 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, वितरकों के पास एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक

**लखनऊ।** पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग और जिला प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं और आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। प्रवर्तन टीमों ने शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि गैस की कालाबाजारी में शामिल अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 20 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। प्रदेश में कार्यरत 4,108 एलपीजी वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुरूप रिफिल डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है। वितरकों के यहां एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जरूरत के अनुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति दी गई है। इससे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में गैस आपूर्ति प्रभावित न होने देने की व्यवस्था की गई है। आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा होम कंट्रोल रूम में भी अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रदेश के सभी जनपदों में भी कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं, जो लगातार कार्यरत हैं। जिला पूर्ति कार्यालय और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार फील्ड में भ्रमण कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर एलपीजी उपलब्ध हो सके।

### प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई: जयवीर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है और गैस, डीजल व पेट्रोल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस मिले, इसके लिए सरकार आवश्यक व्यवस्था कर रही है। मुनाफाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में बाहर से पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति लगातार हो रही है और ईरान ने भी भारतीय जहाजों को होरमुज मार्ग से आने की अनुमति दी है। दो जहाज शुक्रवार को मुंबई बंदरगाह पर गैस लेकर पहुंचे हैं।

## हेल्पलाइन बनी संकट में महिलाओं का सहारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 181 नम्बर पर कॉल कर तुरंत ले रही हैं मदद और परामर्श

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार की पहल लगातार प्रभावी साबित हो रही है। इसी क्रम में संचालित 181 महिला हेल्पलाइन संकट की घड़ी में महिलाओं और बालिकाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है।

अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2017 से शुरू की गई यह टोल फ्री सेवा प्रदेश भर में चौबीसों घंटे सक्रिय है और अब तक इसके माध्यम से 8.42 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी आपात स्थिति में फंसी महिलाएं 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से महिलाओं को न केवल त्वरित सहायता मिल रही है, बल्कि उन्हें मानसिक संबल और आत्मविश्वास भी मिल रहा है। महिला हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक समर्पित सहायता तंत्र के रूप में कार्य कर रही है। इसके माध्यम से प्रदेश के किसी भी जिले या गांव से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर सकती हैं।

कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उन्हें उचित मार्गदर्शन तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हैं। इससे कठिन परिस्थितियों में घिरी महिलाओं को समाधान की दिशा में मदद मिलती है। महिला हेल्पलाइन 181 को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह 24 घंटे सक्रिय रहकर महिलाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध करा सके।

## अखिलेश ने गैस किल्लत पर सरकार को घेरा

मुंबई, वार्ता



■ गैस की कमी और अफवाहों के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया

गैस संकट और अंतर्राष्ट्रीय युद्ध की स्थिति को लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है।

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मौजूदा युद्ध संकट के दौरान भारत के पास दुनिया को शांति का संदेश देने और विश्वगुरु बनने का बड़ा अवसर था, लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास हमेशा युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर कोई ठोस भूमिका निभाने में नाकाम रही। सपा प्रमुख ने कहा कि अगर भारत इस संघर्ष की खुले तौर पर निंदा करता और दुनिया को शांति का संदेश देता, तो आज भारत को विश्वगुरु कहा जाता। उन्होंने कहा कि हार्मबुज से भारत की ओर कितने जहाज आ रहे हैं, इसकी वास्तविक जानकारी किसी के पास नहीं है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि युद्ध संकट के कारण देश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी हो गई है और आम लोगों को गैस नहीं मिल पा रही है, इसके बावजूद सरकार इस समस्या को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अक्सर दूसरों पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हैं।

## कांग्रेस ने अंबेडकर को सम्मान दिया नहीं, कांशीराम को क्या देगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दलित विरोधी सोच वाली पार्टी कांग्रेस, सतर्क रहने की जरूरत: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कांग्रेस को दलित विरोधी सोच वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि उसने अपने लंबे शासनकाल के दौरान दलितों के मसीहा और भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार डा. भीमराव आंबेडकर को उचित सम्मान नहीं दिया।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने आंबेडकर को 'भारत रत्न' से सम्मानित नहीं किया, तो वह अब कांशीराम को इस उपाधि से सम्मानित करने की बात कैसे कर सकती है। सुश्री मायावती ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में रहते हुए कांशीराम के निधन पर एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। उस समय उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी की सरकार ने भी राजकीय शोक की घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल दलित समाज के नाम पर बने संगठनों का इस्तेमाल कर कांशीराम के नाम को भुनाने की कोशिश करते रहे हैं। अब भी कई दल अलग-अलग हथकंडे अपनाकर कांशीराम द्वारा स्थापित बहुजन समाज पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से ऐसी राजनीतिक कोशिशों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से सावधान रहना जरूरी है, जिसकी दलित-विरोधी सोच और मानसिकता के कारण ही बसपा का गठन करना पड़ा। मायावती ने अपने बयान में 15 मार्च 2026 को कांशीराम की जयंती के अवसर पर बसपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सफल बनाने की अपील की है। गौरतलब है कि बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च को है। शुक्रवार (13 मार्च) को लखनऊ में राहुल गांधी की मौजूदगी में मंच से प्रस्ताव रखा गया कि बसपा के संस्थापक कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न दिया जाए। इस प्रस्ताव को यूपी विधानसभा चुनाव से पहले दलित वोट बैंक की सियासत से जोड़कर देखा जा रहा है।

### गैस की लाइन में खड़े बुजुर्ग की मौत

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद में एक गैस एजेंसी पर गैस की लाइन में खड़े एक बुजुर्ग को अचानक चक्कर आ गया और जमीन पर गिर कर तड़पने से मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में उन्हें सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ, तो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। सपा सुप्रीमो ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि गैस की लाइन में बुजुर्ग की हार्ट अटैक की घटना दुखद है। इसी के साथ उन्होंने बीजेपी पर हमला किया और लिखा कि भाजपाई सच को स्वीकार करें और सुनिश्चित करें कि किसी का घर न उजड़े। यह वीडियो बुजुर्ग के परिजनों का है, जिसमें वह बता रहे हैं कि मोहल्ला मनिहारी में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग मुख्तार अंसारी लाल सराय में स्थित गैस एजेंसी पर गए थे। वह पर्ची कटाने के बाद एजेंसी के पीछे गोदाम के बाहर लाइन में खड़े थे, तभी यह घटना हो गई। उधर जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया कि बुजुर्ग पहले से बीमार थे, इसी के साथ उन्होंने साफ किया कि जिले में गैस की कोई समस्या नहीं है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई गई है। बुजुर्ग के घर में गैस खत्म हो गई थी, इसकी वजह से सुबह खाना भी नहीं बना था, ऐसे में पहले से बीमार बुजुर्ग खुद उठकर गैस की लाइन में जाकर खड़े हो गए। करीब तीन घंटे तक वह लाइन में खड़े रहे। इस दौरान अचानक उन्हें चक्कर आ गया और जमीन पर गिर कर तड़पने लगे।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 76034.42
निफ्टी 23866.85



सोना 160830
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 279800
प्रति किलो



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

## विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों व युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: राधकृष्णन

नई दिल्ली, वार्ता

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वतंत्रता शताब्दी 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, तकनीकी उन्नति, पर्यावरण स्थिरता और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता होगी और इस विजन को साकार करने में छात्र और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी।

राधाकृष्णन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन में देश के युवाओं की भूमिका अहम है। उनका कहना था कि विकसित भारत का विजन समानता और समावेशी विकास पर आधारित होना चाहिए, जिसमें किसी राज्य तथा समाज के किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जाएगा। हिमाचल को देवभूमि और वीरभूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने राज्य की समृद्ध आतिथ्य सत्कार, जीवंत संस्कृति और चिरस्थाई परंपराओं की भी प्रशंसा की और कहा कि राज्य ने देश की सशस्त्र सेनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत की समृद्ध शैक्षणिक विरासत



का जिक्र करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला जैसे महान प्राचीन शिक्षा केंद्र अपने शिक्षकों के ज्ञान, विद्वता और निरंतर बौद्धिक विकास के कारण फले-फूले थे। उनका कहना था कि तब इन संस्थानों के गुरु और आचार्य जीवन भर सीखते रहते थे और उन्होंने वाद-विवाद, संवाद और शोध के माध्यम से अपने ज्ञान को निखारा और ऐसा वातावरण बनाया जहां विचारों का विकास हुआ और सभ्यताएं आगे बढ़ीं। उनका कहना था कि इसी भावना को आधुनिक विश्वविद्यालयों तथा संकाय विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए और शिक्षण में नवाचार, अंतविषयक अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उत्साहपूर्वक लागू कर रहा है और भारतीय ज्ञान परंपराओं से संबंधित विषयों को शामिल कर रहा है, जिससे एक नए दृष्टिकोण के साथ शिक्षा की एक नई संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

## पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण सोना-चांदी में गिरावट बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत में गिरावट का रुख बरकरार है। शनिवार की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत गिरकर 160830 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। मुंबई में कीमत 160680 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,000 रुपये या 1.21 प्रतिशत गिरकर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसका कारण डॉलर का मजबूत होना और वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता है। चांदी भी लगातार सस्ती हो रही है। शनिवार की सुबह कीमत 279800 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 11,000 रुपये या 3.97 प्रतिशत गिरकर 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी का हाजिर भाव 83.14 डॉलर प्रति औंस है। इस साल जनवरी महीने में चांदी की कीमत 4 लाख रुपये के आंकड़े को क्रक्स कर गई थी। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे महंगाई बढ़ने का डर पैदा हो गया है।

## अकासा का सफर भी होगा महंगा, 1,300 रुपये तक शुल्क लगाने की घोषणा

नई दिल्ली, वार्ता

एयर इंडिया समूह और इंडिगो के बाद नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा ने भी विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों को देखते हुए टिकटों पर ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन शुल्क लगाएगी। शुल्क की राशि हर मार्ग के लिए अलग-अलग होगी और यह उड़ान की अवधि के आधार पर तय की जाएगी। उसने बताया कि 15 मार्च की तारीख में या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर यह नया शुल्क लगेगा। उससे पहले कराई गई बुकिंग इससे प्रभावित नहीं होगी।

कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एशिया में जारी संकट के कारण 'विमान ईंधन की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी' को देखते हुए ईंधन शुल्क लगाया जा रहा है। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू मार्गों पर 399 रुपये ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की थी। अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर पहले से लगाए जा रहे ईंधन शुल्क में 50 डॉलर तक की बढ़ोतरी की गई है। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी घरेलू मार्गों पर 425 रुपये ईंधन शुल्क लगाने की घोषणा की है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 2,300 रुपये तक ईंधन शुल्क लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर किए गए हमले और उसके जवाब में ईरान द्वारा विभिन्न पश्चिमी एशियाई देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और अन्य इलाकों पर किए गए हमले के कारण पश्चिमी एशिया में स्थिति काफी खराब हो गई है। इस कारण एक तरफ कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, जिससे विमान ईंधन की कीमत बढ़ी है। दूसरी तरफ पश्चिम एशिया के कई देशों ने अपने हवाई क्षेत्र को वाणिज्यिक उड़नों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे यूरोप और अमेरिका जाने वाली उड़ानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है।

Cipzer
– HEALTH WITH CARE –
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**92700 मीट्रिक टन....**

जहाज पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों- मुंद्रा पोर्ट और कांडला पोर्ट पर एंकर करेंगे। शेड्यूलिंग के अनुसार ये शिपमेंट 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच जाएंगे। इतनी बड़ी मात्रा में गैस की आवक से घरेलू बाजार में ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी और औद्योगिक व घरेलू मांग को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है, हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार की स्टॉक की कमी की सूचना नहीं मिली है।

शर्मा ने बताया कि घबराहट में बुकिंग के मामले अब भी बहुत अधिक हैं। उन्होंने कहा कि जो आंकड़ा मैंने शुक्रवार को आपके साथ साझा किया था (लगभग 75 से 76 लाख बुकिंग) वह अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गया है। शर्मा ने कहा कि हमें विभिन्न स्थानों और स्रोतों से शिकायतें मिल रही हैं कि गैस सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहे हैं। मैं इस अवसर पर एक बार फिर स्पष्ट करना चाहूंगी कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अनिवार्य अंतराल है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 45 दिनों का है। यदि आप इस अवधि के समाप्त होने से पहले सिलेंडर बुक करने का प्रयास करते हैं, तो बुकिंग सफल नहीं होगी। कृपया वर्तमान में उपलब्ध डिजिटल बुकिंग साधनों का उपयोग करें। इनमें आईवीआरएस, एसएमएस बुकिंग, व्हाट्सएप बुकिंग और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की ओर से प्रदान किए गए मोबाइल एप्लीकेशन शामिल हैं। सिलेंडर बुक करने या प्राप्त करने के लिए वितरक केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाने, कतार में खड़े होने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी तेल विपणन कंपनियों ने अतीत में लगातार आपके घर तक सीधे सिलेंडर पहुंचाए हैं और वे ऐसा करना जारी रखेंगी। इसलिए, घबराने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने लोगों से अपील की है कि घबराकर बुकिंग न करें, तभी बुकिंग करें जब यह अत्यंत आवश्यक हो। व्यावसायिक सिलेंडरों को लेकर काफी चर्चा हुई, जिसके बाद व्यावसायिक सिलेंडरों के लिए भी एलपीजी की एक निश्चित मात्रा आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इस बारे राज्य सरकारों से भी बातचीत की गई। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए ये व्यावसायिक सिलेंडर राज्य सरकारों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस संबंध में, लगभग 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो चुका है और वे उपभोक्ताओं तक पहुंच चुके हैं। आनलाइन बुकिंग वर्तमान में लगभग 84 फीसदी है, हालांकि इस आंकड़े को लगभग 100 फीसदी तक सुधारने की जरूरत है।

## सोनम मामले में मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब: आप

नई दिल्ली, वार्ता



■ जेल में बिताए गए सोनम वांगचुक के कई महीने देश के लिए बड़ी क्षति

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत के मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना ठोस सबूत के सोनम वांगचुक को जेल में रखा और जब मामला अदालत में कमजोर पड़ने लगा, तो उनकी हिरासत रद्द कर दी गई। आप नेताओं का कहना है कि यह कदम सरकार की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े करता है और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि एक जलवायु कार्यकर्ता के रूप में सोनम वांगचुक ने अपना जीवन देश और समाज के लिए समर्पित किया है, लेकिन उन्हें बिना पुख्ता सबूत के गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल ने कहा कि जेल में बिताए गए उनके कई महीने न सिर्फ उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए नुकसानदेह रहे, बल्कि देश के लिए भी क्षति है। लोकतंत्र में इस तरह की कार्रवाई बेहद चिंताजनक है और इसका सच जनता के सामने आना चाहिए। आप नेताओं का कहना है कि अदालत में लगातार उठ रहे सवालों और मामले के कमजोर पड़ने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दी गई हिरासत को रद्द करने का फैसला लिया। पार्टी का आरोप है कि यदि शुरुआत से ही ठोस सबूत होते, तो इस तरह अचानक हिरासत खत्म करने की नौबत नहीं आती। आप पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह फैसला खुद इस बात का संकेत है कि कार्रवाई में कई गंभीर खामियां थीं।

## केजरीवाल व सिसोदिया ने कोर्ट में भरे स्योरिटी बॉन्ड

नई दिल्ली, वार्ता

■ केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को बरी कर दिया था

दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में अपने-अपने स्योरिटी बॉन्ड दाखिल किए।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने दोनों नेताओं द्वारा प्रस्तुत 50-50 हज़ार रुपये के स्योरिटी बॉन्ड स्वीकार कर लिए, यह बॉन्ड 27 फरवरी को आए उस ऐतिहासिक फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया था। आपराधिक मामलों में डिस्चार्ज या बरी होने के बावजूद आरोपी को स्योरिटी बॉन्ड भरना अनिवार्य होता है। यह प्रक्रिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (पहले सीआरपीसी की धारा 437।) के तहत की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि जांच एजेंसी निचली अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत (हाई कोर्ट) में अपील करती है, तो आरोपी नोटिस मिलने पर वहां उपस्थित हों। 27फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपने फैसले में सीबीआई की जांच पर कड़ी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं, जिससे उन पर आरोप तय किए जा सकें। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

### विधानसभा चुनाव से पहले कुनबा बढ़ाने में लगी भाजपा

# मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** 2027 में हैट्रिक के लक्ष्य के साथ शनिवार को भाजपा ने पिथौरागढ़ के सीमांत दूरस्थ के कई जनप्रतिनिधियों को पार्टी में शामिल किया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में लोगों का पार्टी से जुड़ना, धारचूला विधानसभा में जीत का शुभ संकेत है।

पार्टी में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नए सदस्यों का फूलमाला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि, प्रदेश में डबल इंजन सरकार के कामों से विकास की



■ सीमांत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का भाजपा में विश्वास, धारचूला जीत का संकेत: भट्ट

बयार बह रही है। एक ऐसा विश्वास आम जनमानस में स्थापित हुआ है कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का विकसित होना अब तय है। यही वजह है कि राजनीतिक, सामाजिक तमाम तरह के कार्यकर्ता, पार्टी के विचारों में विश्वास जताकर, विकास यात्रा में सहयोगी बनना चाहते हैं। जिसका उदाहरण है, आप सब लोगों का सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर यहां इतनी बड़ी संख्या में होना।

उन्होंने कहा कि, दूरस्थ जिले पिथौरागढ़ की सीमांत विधानसभा से आप सब लोगों का आना सरकार और सांगठनिक कामों के प्रभाव को दर्शाता है। सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र से भी जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ लोगों का पार्टी में विश्वास जताना, वहां धारचूला विधानसभा में 27 में जीत का शुभ संकेत है। पिछली बार भी हम बेहद कम लगभग 1118 वोटों से जीत दर्ज करने से रह गए थे, वो कसर इस बार सौ फीसदी पूरी कर दी जाएगी। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द पांगती, गणेश पांगती सभासद, जितेंद्र जोठा सभासद, हंसा देवी सभासद, सुरेन्द्रध सिह बृजवाल पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, पुष्कर सिह पूर्व प्रधान छूरातोली, नवीन जौपनी, महेश रावत, सुरेंद्र सिंह निखुरप्पा, भूपेंद्र सिंह धर्मसत्तू, मनोज सिंह मर्तोलिया, मनोहर सिंह घपवाल, नितिन रावत, कृष्णा पांगती, दीपू बृजवाल, कैलाश जेरठा, राजू बम, दिनेश बृजवाल, लाजवंत बृजवाल समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संगठन की रीति नीति में विश्वास जताएइस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, दायित्वधारी सुभाष बड़थ्वाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक, पिथौरागढ़ जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी समेत कई मौजूद रहे।

## मौसम विभाग ने 15 और 16 मार्च के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

■ पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड मे मौसम को लेकर सतर्क रहने की जरूरत हैं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज दोपहर जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार अगले 24 घंटे तक येलो अलर्ट रहेगा. 24 घंटे का येलो अलर्ट 14 मार्च की दोपहर 1:45 बजे से 15 मार्च 2026 के 1:45 बजे तक के लिए है. उधर राज्य मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने 15 और 16 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस येलो अलर्ट के दौरान राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर बिजली गिरने और तूफान आने का पूर्वानुमान है। इन स्थानों में उत्तरक. ाशी के बड़कोट और पुरोला चमोली जिले के जोशीमठ, बदरीनाथ, उर्गम घाटी और थराली शामिल हैं बागेश्वर जिले में कपकोट और पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी और बेरीनाग को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान आ सकता है.

दूसरी तरफ उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र ने भी बारिश और बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया है। आज से लेकर 19 मार्च तक उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है. वहीं इस दौरान तीन दिन मैदानी जिलों में भी बारिश का पूर्वानुमान है। उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र ने 15 और 16 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर कुमाऊं में सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे राजनाथ

■ 21 मार्च को हल्द्वानी में होने जा रहा कार्यक्रम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** धामी सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर कुमाऊं क्षेत्र में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में विशाल सम्मेलन होने जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान पर स्पष्ट किया कि ज्वाइनिंग कमेटी की राय अनुसार नए पुराने सभी लोगों का पार्टी में स्वागत है। वहीं सत्र को लेकर विपक्षी आरोपों पर तंज कसा कि कांग्रेस विधायकों ने तो जनहित के अधिक मुद्दे उठाना भी जरूरी नहीं समझा, जबकि भाजपा के विधायकों ने जनसरोकारों के विषय सदन में उठाए।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए भट्ट ने कहा, यह हम सबके लिए बहुत खुशी की बात है कि प्रदेश के विकास और कल्याण का बजट, विस्तृत चर्चा के साथ पारित हो गया है। अब ऐसे में विपक्ष को अनावश्यक बयानबाजी से बचना चाहिए क्योंकि उनके गैर जिम्मेदाराना रवैया को प्रदेशवासियों ने इस मर्तबा भी सत्र में देखा है। उन्होंने सदन में भाजपा विधायकों द्वारा अधिक सवाल किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे विधायक जनता के स्वाभाविक और जिम्मेदार प्रतिनिधि है।

उन्होंने धामी सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर हो रहे बड़े कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि हरिद्वार में गृहमंत्री की मौजूदगी में हुए विशाल सम्मेलन की तरह कुमाऊं में भी बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। 21 मार्च को हल्द्वानी में होने वाले इस सम्मेलन में हमे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होने जा रहा है। जिस तरह का उत्साह सरकार की उपलब्धियां को लेकर जनता के बीच है उसको देखते हुए हमें वहां भी लाखों लोगों के प्रतिभाग करने की उम्मीद है।

# किसान हमारे अन्नदाता और असली नायक: सीएम

## पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

■ कहा -प्रदेश के 9 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा किसान सम्मान निधि का लाभ ■ कृषि को जंगली जानवरों से बचाने के लिए केंद्र से 25 करोड़ की पहली किस्त जारी ■ पॉलीहाउस, एरोमा वैली और ड्रैगन फ्रूट को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पंतनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कृषि एवम् प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में 119 वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया व विश्विद्यालय साहित्य का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे लिए हर्ष का विषय है कि पंतनगर विश्वविद्यालय में 119वे कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के मेले आयोजन कृषकों के लिए अति महत्वपूर्ण होते हैं, नवाचारों की जानकारियां मिलती है व वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान बन्धु हमारे अन्नदाता है व हमारे असली नायक हैं। किसानों की मेहनत व समर्पण से ही हमे अन्न मिल रहा है और देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्पना में किसान की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषकों के मेहनत व समर्पण से ही गांव, क्षेत्र और देश का विकास होता है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त जारी की है। प्रदेश के 09 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि को जंगली जानवरों से बचाव के लिए घेरबाड़ के लिए केंद्र द्वारा हमें प्रथम किस्त के रूप में 25 करोड़ की धनराशि जारी की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री, अन्नदाताओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा किसानों को फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान मानधन योजना, बागवानी विकास योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना, बूंद बूंद सिंचाई योजना जैसी योजनाएं के माध्यम से किसानों को सशक्त किया जा रहा है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किसान क्रैडिट कार्ड के सीमा 03 लाख से बढ़ाकर 05 लाख कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए 14 हजार करोड़ लागत की 07 नई परियोजनाएं लागू की गई हैं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक तिलक राज बेहड, मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, पूर्व विधायक राज. ेश शुक्ला,पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, कुलपति पंतनगर विश्व विद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश में 1200 करोड़ की लागत से नई सेब नीति लागू

मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में भौगोलिक परिस्थितियाँ अलग अलग है। इसलिए, भौगौलिक स्थितियों को देखते हुए क्षेत्र विशेष के लिए योजनाऐं चलाई जा रही हैं।उन्होंने कहा कि 1200 करोड़ के लागत से नई सेब नीति लागू की गई है, कृषकों के हित में कई नई नीतियां लागू की गई है तथा कई योजनाओं में 80 प्रतिशत तक राज्य सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा प्रदेश में 07 एरोमा वैली विकसित किये जा रहे हैं। ड्रेगन फ्रूट की मांग बढ़ रही है इसलिए ड्रेगन फ्रूट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

## इस साल शिक्षा पर 13,552 और स्वास्थ्य पर खर्च होंगे 4,546 करोड़

■ विधानसभा सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को देर रात विभागों के बजट को दी गई मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र 2026 के आखिरी दिन शुक्रवार को देर रात तक चली कार्रवाई के दौरान सदन में विभागवार बजट पारित किए गए। चर्चा के बाद विभिन्न विभागों के लिए रखे गए बजट को मंजूरी दी गई। सदन में वित्तीय वर्ष के लिए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे जैसे अहम क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखते हुए बड़ी धनराशि का प्रावधान किया है। इस साल शिक्षा पर 13,552 व स्वास्थ्य पर 4,546 करोड़ खर्च होंगे। इनके अलावा कई अन्य विभागों को भी भारी भरकम बजट दिया गया है।

सत्र के अंतिम दिन बजट पर चर्चा के बाद विभागवार विनियोग



पारित किए गए। निर्वाचन विभाग के लिए 223 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया, जबकि राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 2731 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान किया गया।

**आबकारी के लिए ५५ करोड़ का बजट:** वहीं वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय और अन्य सेवाओं के लिए सबसे बड़ा प्रावधान करते हुए 20,361 करोड़ रुपये का बजट रखा गया। आबकारी विभाग के लिए 55 करोड़ रुपये से अधिक और लोकसेवा आयोग के लिए 34 करोड़ रुपये से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया।

**पुलिस और जेल विभाग के लिए ३५०० करोड़ से ज्यादा का बजट:** कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस और जेल विभाग के लिए 3524 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित किया गया. शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण और संस्कृति विभाग के लिए 13,552 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी धनराशि का प्रावधान किया गया है, जो इस बजट का प्रमुख हिस्सा माना जा रहा है।

**स्वास्थ्य विभाग के लिए 4500 करोड़ से ज्यादा का बजट:** स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 4546 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया. वहीं जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग के लिए 4243 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया।

### सूचना का बजट 549 करोड़

सूचना विभाग के लिए 549 करोड़ रुपये से अधिक, श्रम और रोजगार विभाग के लिए 586 करोड़ रुपये से अधिक का बजट पारित किया गया. कृषि एवं कृषि अनुसंधान विभाग के लिए 1495 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि रखी गई, जबकि सहका. रिता विभाग के लिए 132 करोड़ रुपये से अधिक का बजट स्वीकृत किया गया।

## गैरसैंण सत्र में सार्थक चर्चा और सीएम धामी के सामूहिकता के भाव से जगी बेहतर उम्मीद: चौहान



■ सदन की कम अवधि का राग अलापने वाले विपक्ष के पास कम पड़ गए सवाल ■ कहा-5 दिन में 41 घंटे 10 मिनट चला सत्र ऐतिहासिक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने गैरसैंण सत्र मे देर रात्रि तक चर्चा तथा बजट पारित करने लिए सभी विधायकों का आभार व्यक्त किया है और इसे राज्य के विकास मे एक और शानदार प्रयास बताया। चौहान ने कहा कि गैरसैंण सत्र में सार्थक चर्चा और सीएम पुष्कर सिंह धामी के सामूहिकता के भाव का ही प्रतिफल है कि विकसित राज्य की और अग्रसर उत्तराखंड विकास के नये आयाम गढ़ेगा। बजट से बेहतर उम्मीद जगी है।

उन्होंने विपक्ष के रुख पर भी तंज कसते हुए कहा कि सत्र की समयावधि कम होने का हल्ला मचाने वाले विधायकों के पास सवालों की कमी पड़ गयी और इससे उनकी मंशा और भी सामने आ गयी।

चौहान ने उम्मीद जताई कि अब तक की इस सबसे अधिक बजट राशि से विकसित होते उत्तराखंड को रफ्तार मिलेगी। अलग अलग विभागों के लिए आवंटित राशि से जनकल्याण योजनाओं का लाभ जनता को मिलेगा।

गैरसैण सिर्फ ग्रीष्मकालीन राजधानी ही नहीं बल्कि प्रदेशवा. सियों के जन भावनाओं का केंद्र भी है। ऐसे में वहां पर बजट सत्र का सभी विषयों पर व्यापक एवं सफल चर्चा के साथ पूर्ण होना बेहद संतोष की अनुभूति देने वाला है। ये बहुत अच्छी पहल है कि देर रात तक बजट पर दोनों पक्षों द्वारा खुलकर चर्चा की गई।

उन्होंने सत्र के दौरान विपक्ष के रवैया पर भी सवाल खड़े किए। क्योंकि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जिस तरह विपक्ष का व्यवहार किया, उसे किसी भी तरह से उचित नहीं कहा जा सकता है। महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान भी विपक्षी सदस्य शोरगुल और नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस विधायकों द्वारा सड़क जैसे व्यवहार को सदन में किया गया वह संवैधानिक प्रक्रिया की गरिमा गिराने वाला था।

चौहान ने सत्र को लेकर विपक्ष पर गंभीर रुख नहीं अपनाने का आरोप लगाया। सत्र को लेकर कांग्रेसी तैयारी पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि यही लोग सत्र की अवधि कम होने का रोना रो रहे थे। लेकिन 5 दिन के सत्र के लिए भी प्रश्नकाल के लिए आए कुल सवालों का एक तिहाई सवाल भी वे नहीं जुटा पाए। जबकि जागरुक विपक्ष होने के नाते और सत्र का समय कम होने के आरोप के चलते तो उन्हें बहुत अधिक सवाल पूछे जाने चाहिए थे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, हमें तो मालूम है कि कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दाविहीन और जन सरोकारों से दूर हो चुकी है, लेकिन सदन के माध्यम से एक बार फिर जनता ने भी उनकी हालत देख ली है। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस का मकसद प्रदेश की तस्वीर बदलना नहीं, सिर्फ और सिर्फ हंगामा करना है।

चौहान ने कहा कि 5 दिन में 41 घंटे 10 मिनट चला सत्र ऐतिहा. सिक है। सीएम धामी सामूहिकता के भाव से सबको साथ लेकर चलने और समावेशी विकास के पक्षधर माने जाते हैं। राज्य के लिए समर्पित यह दृष्टिकोण निश्चित रूप से राज्य को आगामी दशक का श्रेष्ठ राज्य के रूप मे स्थापित करेगा।



# चारधाम यात्रा से पहले ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करें

**गौचर-कर्णप्रयाग-चमोली में पार्किंग परियोजनाओं का सचिव आवास डॉ. राजेश ने किया निरीक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों पर चारधाम यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में आवास विभाग के सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने जनपद चमोली के गौचर, कर्णप्रयाग और चमोली में निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पार्किंग परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता के अनुरूप चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

### गौचर में पार्किंग निर्माण पूरा, संचालन जल्द

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सचिव डॉ आर राजेश कुमार को बताया कि गौचर में पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस पार्किंग की वाहन क्षमता 27 वाहनों की है और इसका निर्माण उत्तराखंड पेयजल एवं निर्माण निगम द्वारा कराया गया है। सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पार्किंग को जल्द से जल्द संचालन के लिए तैयार किया जाए ताकि स्थानीय लोगों और यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान ऐसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पार्किंग स्थल यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### नंदा राजजात यात्रा से पहले कर्णप्रयाग पार्किंग पूरी करने के निर्देश

इसके बाद सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कर्णप्रयाग में निर्माणाधीन पार्किंग परियोजना का निरीक्षण किया। इस पार्किंग का निर्माण जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चमोली द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने निर्माण कार्यों की गति तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी नंदा राजजात यात्रा से पहले इस पार्किंग का निर्माण हर हाल में पूरा किया जाए।

### चमोली में दो नई पार्किंग से मिलेगी राहत

इसी क्रम में सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने चमोली में टैक्सी स्टैंड के समीप स्थित पार्किंग और खड्डु साइड स्थित पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि टैक्सी स्टैंड के पास बनने वाली पार्किंग की क्षमता 21 वाहनों की है, जबकि खड्डु साइड स्थित पार्किंग की क्षमता 82 वाहनों की होगी। इन दोनों पार्किंग स्थलों का निर्माण ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए

### जाम वाले स्थानों की पहचान कर बनाई जाएगी नई पार्किंग

निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। उन स्थानों के समीप उपयुक्त भूमि का चयन कर नई पार्किंग विकसित की जाए

### आवास सचिव डॉ आर राजेश कुमार का बयान

आवास सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में चारधाम यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं, ऐसे में पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन की मजबूत व्यवस्था बेहद जरूरी हो जाती है। डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि गौचर, कर्णप्रयाग और चमोली में विकसित की जा रही पार्किंग परियोजनाएं स्थानीय यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# उक्रांद ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** गैरसैंण कूच के दौरान उत्तराखंड क्रांति दल के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी और नजरबंदी के खिलाफ कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। उक्रांद के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जनपद मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया।

बता दें कि बीते कल गैरसैंण जा रहे उक्रांद के सर्वोच्च नेता व पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी, पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि युवा नेता आशीष नेगी को नजरबंद किया गया था। इस कार्रवाई से नाराज कार्यकर्ता शनिवार को बेलणी टैक्सी स्टैंड पर एकत्रित हुए। वहां से जुलूस की शक्ल में मुख्य बाजार होते हुए कार्यकर्ताओं ने सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मुख्य बाजार स्थित हनुमान चौक पर सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार गैरसैंण के मुद्दे पर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावे के लिए कुछ दिनों का सत्र आयोजित कर जनता के पैसे की बर्बादी कर रही है। पहाड़ की समस्याओं का एकमात्र समाधान गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाना है। उन्होने कहा कि जब तक गैरसैंण पूर्णकालिक राजधानी नहीं बनती, उक्रांद का संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान माहौल तब गरमा गया जब मुख्य बाजार से विधायकों का काफिला गुजरा। उक्रांद कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोकने और घेराव करने की कोशिश की, लेकिन विधायकों के वाहन तेजी से आगे निकल गए।

# वनाग्नि की घटनाओं पर डीएम का कड़ा रुख

**■ खुले में कूड़ा और पराली जलाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध कठोर कार्रवाई की चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के विभिन्न वन क्षेत्रों में बढ़ती वनाग्नि की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कड़े रुख अख्तियार किए हैं। जिलाधिकारी ने जनपद की सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा-कचरा, अपशिष्ट पदार्थ तथा कृषि भूमि में पराली (अवशेष) जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र को लगातार मिल रही वनाग्नि की सूचनाओं के बाद यह निर्णय लिया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कृषि भूमि की सफाई के दौरान सूखी घास और झाड़ियों को जलाने, सड़कों के किनारे जलती हुई बीड़ी-सिगरेट फेंकने और कूड़ा जलाने जैसी मानवीय लापरवाहियों के कारण आग जंगलों तक फैल रही है।

इससे न केवल बेशकीमती वन संपदा और वन्य जीवों को नुकसान हो रहा है, बल्कि पशुचारे और पर्यावरण के साथ-साथ जन-धन की हानि की भी प्रबल आशंका बनी हुई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति, संस्था या विभाग खुले में आग लगाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से वनाग्नि रोकने में प्रशासन का सहयोग करने और कहीं भी आग लगने की घटना दिखने पर तुरंत संबंधित विभाग या आपदा केंद्र को सूचित करने की अपील की।

# श्रीनगर में हुई राष्ट्रीय लोक अदालत, 208 वादों का निस्तारण

**श्रीनगर।** शनिवार को बाह्य न्यायालय श्रीनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। बाह्य न्यायालय श्रीनगर द्वारा कुल 208 मामलों का निस्तारण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सिविल जज अलका कि अध्यक्षता में हुई लोक अदालत में 197 फौजदारी वाद, एनआई एक्ट 2, सिविल वाद 1, अंतिम रिपोर्ट 1 डीबी एक्ट के मामले शामिल थे। मौके पर अधिवक्ता प्रदीप मैठाणी, राष्ट्रीय लोक अदालत के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूपश्री पांथरी, सहायक अभियोजन अधिकारी अपर्णा अवस्थी, सचिव ब्रह्मानंद भट्ट, विकास पंत, देवी प्रसाद खरे, महेंद्र पाल सिंह रावत, भुपेंद्र पुंण्डीर, सुरेंद्र सिंह रौथाण, सुधीर उनियाल, बलवीर सिंह रौतेला, सुनीता भण्डारी, एडवोकेट नितेश भारती, गौरव उपाध्याय, आनंद सिंह बुटोला, पीएलवी सदस्य पूनम आदि मौजूद थे।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस के दुरुपयोग पर प्रशासन सख्त, 25 सिलेंडर जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में जनपद के भीतर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान जारी है। शनिवार को तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि और ऊखीमठ सहित विभिन्न बाजारों में की गई छापेमारी के दौरान प्रशासन ने कुल 25 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त किया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विरुद्ध है। छापेमारी के दौरान दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वे केवल व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडरों का ही प्रयोग करें।

"नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। भविष्य में भी यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।" – प्रशासनिक अधिकारी



**तिलवाड़ा और अगस्त्यमुनि में छापेमारी**

रुद्रप्रयाग। पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार शाह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने तिलवाड़ा और अगस्त्यमुनि बाजार में औचक छापेमारी की। इस दौरान टीम ने व्यावसायिक कार्यों में अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे 12 सिलेंडरों को मौके से जब्त किया। टीम में कैलाश पुरी, दिनेश सिंह रमोला, राजेंद्र सिंह पुजारा के साथ थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोहली और एवीडीओ अगस्त्यमुनि भी शामिल रहे।

**ऊखीमठ और जिला मुख्यालय के समीप कार्रवाई**

रुद्रप्रयाग। वहीं, दूसरी ओर जिला मुख्यालय के नजदीकी क्षेत्रों जैसे खांखरा, नरकोटा, रैंतोली और ऊखीमठ बाजार में भी पूर्ति विभाग की टीम ने दबिश दी। पूर्ति निरीक्षक पीबी सती और सीएम बरमोला के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में 13 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। इस टीम में वीरेंद्र सिंह नेगी सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर .......

### नौटियाल कांग्रेस गांधीवादी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गांधीवादी संगठन ने नए कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिनेश सकलानी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गांधीवादी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल के ओर से जारी नियुक्ति पत्र में कांग्रेस संगठन के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रामलाल नौटियाल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर कार्यकारिणी में इन लोगों को जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी का धन्यवाद व्यक्त किया गया।

### पशु लिफ्टिंग मशीन उपलब्ध कराने की मांग

**श्रीनगर।** जिला पंचायत मढ़ी चौरास निर्मला देवी भंडारी ने कीर्तिनगर में पशु लिफ्टिंग मशीन उपलब्ध कराएं जाने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होने वरिष्ठ पशु चिकित्सालय अधिकारी कीर्तिनगर से जिला चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि कीर्तिनगर में पशु चिकित्सालय के लिए एक भी पशु लिफ्टिंग मशीन नहीं है। जिसके चलते जख्मी हुए गौवशों को उठाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा कि जख्मी हुए गौवंशों का उठाने के लिए पशु चिकित्सालय श्रीकोट से लिफ्टिंग मशीन लानी पड़ती है। उन्होने कीर्तिनगर पशु चिकित्सालय को लिफ्टिंग मशीन उपलब्ध करवाएं जाने की मांग की है।

### कोठगी-घोलतीर मोटर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना



**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे को तल्लानागपुर क्षेत्र से जोड़ने वाले कोठगी-घोलतीर मोटर पुल के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया है। धरना दे रहे ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन पर लंबे समय से उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।धरना का नेतृत्व कर रहे विजय लाल ने कहा कि पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण को लेकर मार्च 2005 में स्वीकृति भी मिल चुकी है और लोक निर्माण विभाग अब तक लगभग 45 लाख रुपये खर्च कर चुका है। इसके बावजूद विभाग अब पुल को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की बात कर ग्रामीणों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है।

धरना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सूरज सिंह नेगी ने भी ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द ग्रामीणों की मांग पूरी करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके। वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता इंद्रजीत बोस भी धरना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को जल्द आवश्यक कार्यवाही पूरी कर पुल निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया। अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। धरने के दौरान ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 18 वर्षों से शासन और प्रशासन केवल आश्वासन ही दे रहा है, जबकि समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# केदारनाथ पैदल मार्ग की कच्ची दुकानों को पूर्ववत संचालित करने की मांग

**■ केदारघाटी श्रद्धालु सेवा समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर स्थानीय हक-हकूकधारियों ने अपनी आजीविका को लेकर आवाज उठानी शुरू कर दी है। केदारघाटी श्रद्धालु सेवा समिति के एक शिष्टमंडल ने राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत के नेतृत्व में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर संचालित होने वाली कच्ची दुकानों को पूर्व की भांति सुचारु रखने की मांग उठाई।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में समिति ने स्पष्ट किया कि पैदल मार्ग पर स्थित इन छोटी-छोटी दुकानों से क्षेत्र के हजारों परिवारों का भरण-पोषण होता है। स्थानीय लोग सीमित संसाधनों के बावजूद यात्रियों को भोजन, चाय-नाश्ता और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। यदि इन दुकानों के संचालन में कोई बदलाव किया जाता है, तो स्थानीय लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा।

समिति के पदाधिकारियों ने मांग की कि दुकानों को पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ही संचालित करने की अनुमति दी जाए। प्रशासन दुकान संचालन के लिए स्पष्ट गाइडलाइंस जारी करे ताकि स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके। समिति ने भरोसा दिलाया कि वे यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे।

प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुनने के बाद जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि प्रशासन स्थानीय लोगों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मामले का उचित परीक्षण किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें और स्थानीय जनता की आजीविका पर भी कोई आंच न आए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संदीप पुष्वाण, सचिव सुषमा, कोषाध्यक्ष प्रह्लाद पुष्वाण, संरक्षक यशपाल पंवार, उपाध्यक्ष दलवीर नेगी, मीडिया प्रभारी प्रह्लाद कोटवाल, सह सचिव दीपक सिंह, अनूप सिंह पंवार और सुनील प्रसाद सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धानी खाट की महिलाओं ने किया शराब बंदी का ऐलान

**सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के ग्रामसभा धानी खाट में महिलाओं ने शराब के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए गांव में शराब बंदी का ऐलान कर दिया है। ग्रामसभा की आम बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गांव में होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों में शराब के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

बैठक में उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों ने कहा कि शराब की बढ़ती प्रवृत्ति से सामाजिक माहौल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे परिवारों में विवाद और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए महिलाओं ने पहल करते हुए गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि गांव में होने वाले किसी भी सार्वजनिक कार्य, कार्यक्रम, समारोह या सामूहिक आयोजन में शराब का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उससे 21 हजार का अर्थदंड लिया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि यह निर्णय गांव के बेहतर सामाजिक माहौल और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इस निर्णय का समर्थन करने और गांव को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने भी महिलाओं की इस पहल की सराहना करते हुए इसे गांव के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया। ग्रामसभा ने उम्मीद जताई कि इस निर्णय से गांव में सामाजिक सौहार्द और शांति का माहौल मजबूत होगा। इस दौरान

# डीएम के निर्देश पर चिन्हित भूमि का भूगर्भीय निरीक्षण हुआ शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** बीते वर्ष मानसून सीजन में पांच अगस्त को खीर गंगा नदी की आपदा से प्रभावित धराली गांव के 115 परिवारों के स्थायी विस्थापन की प्रक्रिया की कवायद तेज हो गई है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विस्थापन के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए ताकि प्रभावितों को जल्द राहत मिल सके।

शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देशों पर तहसील भटवाड़ी के अंतर्गत चिन्हित भूमि का भूगर्भीय निरीक्षण शुरू किया गया। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य उन परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाना है जिनके भवन आपदा के मलबे में दब गए थे और जिनके पास वर्तमान में आवासीय व्यवस्था नहीं हैं।

सहायक भूवैज्ञानिक प्रदीप कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने विस्थापन प्रक्रिया के प्रथम चरण में अब तक 30 परिवारों द्वारा चिन्हित की गई भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान राजस्व उपनिरीक्षक हर्षिल व ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि की सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता की बारीकी से जांच की गई। उपजिलाधिकारी भटवाड़ी के समन्वय से की जा रही इस कार्रवाई की विस्तृत भूगर्भीय आख्या जल्द ही जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी ताकि विस्थापन के अगले चरण को अनुमति मिल सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवशेष प्रभावित परिवार जैसे ही अपनी प्रस्तावित भूमि की सूचना तहसील कार्यालय को देंगे, तत्काल उनके भूखंडों का भी भूगर्भीय निरीक्षण कराया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग से तेजेन्द्र सिंह नेगी, राकेश चन्द्र भट्ट और भूवैज्ञानिक टीम के साथ ग्रामीण गोविंद सिंह, भागवत सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 16 वर्ष से फरार अभियुक्त को बड़कोट पुलिस ने किया गिरफ्तार

उत्तरकाशी: बडकोट पुलिस ने 16 वर्षों से फरार चल रहे नाबालिगा का अपह्रण और दुष्कर्म के आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है।मामला मई 2010 में थाना बडकोट पर के अन्तर्गत नाबालिगा के अपह्रण का ममला पंजीकृत किया गया था।

घटना के कुछ दिन पश्चात पुलिस द्वारा नाबालिगा,अपह्रता को बरामद कर पीडिता के बयान,साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म की धारा 376 भादवि की बढोतरी की गयी थी।

उक्त प्रकरण में अभियुक्त प्रताप विश्वास वर्ष 2010 से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार दबिश देने के प्रयास किये जा रहे थे, किन्तु अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिये बार-बार अपने लोकेशन पते बदल रहा था। अभियुक्त के गिरफ्तार न होने पर सितम्बर 2010 में पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध में मफरुरी में चार्जशीट दाखिल की गयी थी। न्यायालय ने मार्च 2011 में अभियुक्त प्रताप को मफरुर घोषित किया गया था।

वहीं पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने शातिर किस्म के मफरुर प्रताप की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक बडकोट सुभाष चन्द्र की देखरेख व उ0नि0 भूपेन्द्र रावत के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गयी। टीम ने पतारसी-सुरागरसी तथा सर्विलांस की मदद लेकर अथक प्रयास करते हुये बीते को अभियुक्त प्रताप को ग्राम चित्रांव, जयसिंह नगर जिला शहडोल, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय जेएम(1) जय सिंह नगर, शहडोल, मध्य प्रदेश के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमाण्ड पर लिया गया।

# जड़ी-बूटी की वैज्ञानिक खेती और प्रसंस्करण की दी जानकारी

**उद्योगिनी से पहुंचे ब्लॉक समन्वयकों ने किया धारकोट गांव का भ्रमण ,हैप्रेक संस्थान में हुई दो दिवसीय प्रषिक्षण कार्यशाला संपन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के हैप्रेक संस्थान और उद्योगिनी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुई। जड़ी-बूटी के माध्यम से किसानों की आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से हैप्रेक संस्थान के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित के दिशा-निर्देशन में जड़ी-बूटी की खेती से जुड़े ब्लॉक समन्वयकों ने कीर्तिनगर ब्लॉक के धारकोट गांव का भ्रमण किया।

इस दौरान समन्वयकों ने जड़ी-बूटी की खेती कर रहे किसानों से मुलाकात कर उनके अनुभवों को जाना। भ्रमण के दौरान उद्योगिनी से पहुंचे ब्लॉक समन्वयकों ने विशेषज्ञों से जड़ी-बूटी के कृषिकरण की विभिन्न विधियों की जानकारी ली। साथ ही जड़ी-बूटियों की खेती में आने वाली चुनौतियों, उत्पादन बढ़ाने के तरीकों और इसके बेहतर प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर बलूनी कंपनी के नीरज बलूनी ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय पौधों की खेती किसानों के लिए आय का एक बेहतर विकल्प बन सकती है। इस अवसर पर जड़ी-बूटियों के विपणन की संभावनाओं और बाजार उपलब्धता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बताया कि संगठित तरीके से जड़ी-बूटी की खेती करने और उचित विपणन व्यवस्था होने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जड़ी-बूटी की वैज्ञानिक खेती, संरक्षण और प्रसंस्करण के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर हैप्रेक संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.सुदीप सेमवाल ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के भ्रमण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसान जड़ी-बूटी की खेती से जुड़कर अपनी आजीविका को मजबूत बना सकें। मौके पर उद्योगिनी संस्था के प्रबंधक शिवम पंत, मनीष पंवार के साथ ही हैप्रेक संस्थान के डॉ. राजीव वशिष्ठ, डॉ. प्रदीप डोभाल, डॉ. जयदेव चौहान, देवेश जांगपांगी, शुभम भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# सीएम ने चम्पावत को दी स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात

## एसीएलएस एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी, उपजिला चिकित्सालय में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद चम्पावत के नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक उन्नत और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित एवं शीघ्र पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का भी लोकार्पण किया।

इस अत्याधुनिक मशीन की स्थापना से अब मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उपचार





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में निरीक्षण के दौरान एक नवजात शिशु को दुलार करते हुए। वहीं एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा।

इससे मरीजों को उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर नहीं जाना पड़ेगा तथा क्षेत्र के बुजुर्गों सहित सभी नेत्र रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा।

एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को बहल पेपर मिल्स लिमिटेड, काशीपुर (सीएसआर के अंतर्गत) उपलब्ध कराया गया है। यह एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जो गंभीर हृदय रोग, दुर्घटना तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है।

मुख्यमंत्री धामी ने अस्पताल परिसर में स्थापित नई डायलिसिस मशीन का भी निरीक्षण किया तथा उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी ली।

इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड) का भी भ्रमण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परि. जनों से आत्मीय संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, त्वरित उपचार तथा संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख चम्पावत अंचला बोहरा, विधायक प्रतिनिधि टनकपुर दीपक रजवार, जिला महामंत्री हिमेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय केदार सिंह बृजवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एक नजर .......

#### सरकार व मंत्री सदन में दिखे असहज: जोशी

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि गैरसैंण विधानसभा सत्र में संवैधानिक परम्पराओ का उल्लघन हुआ है। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा चार दिन तक चलनी चाहिए थी, जिसमें सभी विधायको को बोलने का मौका दिया जाता है। उसके बाद सरकार की और से बजट पेश किया जाता है। फिर बजट पर चर्चा की जाती है, मगर सरकार की और से केवल खानापूर्ति ही की गई जो कि संसदीय परम्पराओ का उल्लघन है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों का सदन से नदारद होना विधायकों की गंभीरता को दर्शाता है। सदन चलाने की जिम्मेवारी सत्तारूढ़ दल के विधायको की होती है जो कहीं दिखी नहीं जिसके लिये विधानसभा अध्यक्षा ने सरकार को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान कांग्रेस के विधायकों ने प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरा जिससे सरकार व मंत्री असहज नजर आए। उन्होंने कहा कि राजधानी गैरसैंण व शहीदों के सपनों और राज्य आंदोलनकारियों के संघर्षो का उत्तराखंड की मूलभावना का शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व पलायन जैसे मुद्दो पर सरकार की गम्भीरता नजर नही आया।

#### इंद्रिया ने दून में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया

**देहरादून।** आदित्य बिरला ज्वेलरी के इंद्रिया ने देशभर में अपने विस्तार की रफ्तार को बरकरार रखते हुए देहरादून के जीएमएस रोड पर अपना फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया है। इस शुभारंभ के साथ उत्तराखंड में ब्रांड का यह दूसरा स्टोर बन गया है। उत्तर भारत के सबसे जीवंत लाइफस्टाइल और लग्जरी शहरों में से एक देहरादून में पिछले कुछ समय में ब्राइडल, फेस्टिव और मॉडर्न फाइन ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ी है, जिससे यह ब्रांड के लिए एक संभावनाओं से भरा बाजार बन गया है। इस मौके पर इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा, देहरादून में अपना पहला स्टोर लॉन्च करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह इंद्रिया के लिए एक अहम और उच्च संभावनाओं वाला बाजार है। जैसे-जैसे हम अपना विस्तार कर रहे हैं, हमारा पूरा ध्यान बेहतरीन कारीगरी, आधुनिक डिजाइन और देशभर के ग्राहकों को ज्वेलरी खरीदने का एक शानदार अनुभव देने पर रहेगा।

## रसोई गैस संकट के लिए भाजपा व केन्द्र सरकार जिम्मेदार: धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अमेरिका इजराइल के द्वारा ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्द से उत्पन्न पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस एलपीजी के संकट के लिए पूरी तरह से केंद्र की मोदी सरकार की अदूरदर्शी नीतियों तथा फेल विदेश नीति को जिम्मेदार बताया है।

उन्होने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के कांग्रेस पर इस मामले में भ्रम फैलाने के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि पूरे देश और दुनियाभर को पता है कि युद्ध शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजराइल जाना, इरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह व अन्य ईरानी नेताओं की मौत पर भारत की खामोशी और इरान के खिलाफ भारत के मतदान करने से ईरान की

**■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप**

नाराजगी स्वाभाविक है और इसलिए स्ट्रेट आफ हार्मोस से गैस और पैट्रोल भारत नहीं आ पा रहा है और यह बात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को या तो पता नहीं है या वो जनता को मूर्ख समझ रहे हैं और उल्टा आरोप कांग्रेस पर लगा रहे हैं। धस्माना ने कहा कि देश में अफरा-तफरी का वातावरण बनाने के दोषी भी भाजपाई व केन्द्र सरकार है क्योंकि जब सरकार के अनुसार गैस की कोई कमी नहीं है तो एक झटके में 60 रुपये घरेलू व 115 रुपये कमर्शियल सिलेंडर में सरकार ने क्यूँ बढ़ाए जनता को लूटने के लिए? इसका जवाब भाजपा अध्यक्ष को देना चाहिए।

### खुद की शादी में जमकर थिरके कुलदीप यादव

**मसूरी।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित सवाय होटल में क्रिकेटर कुलदीप यादव की निकली बरात। बरात में पहुंचे मेहमान ढोल नगाड़े के साथ जमकर नाचे। इस खास मौके पर कुलदीप ने भी ठुमके लगाए। बरात में बड़ी संख्या में उनके दोस्तों ने शिरकत की।

शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल सहित कई हस्तियां पहुंची हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ भी आज मसूरी पहुंचे हैं। क्रिकेटर कुलदीप यादव की शादी समारोह में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए तीन दिनों तक विशेष भोजन और विभिन्न पारंपरिक कार्यक्रमों की भव्य व्यवस्था की गई है। इससे पहले शुक्रवार 13 मार्च से शुरू हुए कार्यक्रमों में मेहमानों के स्वागत के साथ नाश्ते, हाई टी और पार्टी के बाद विशेष भोज का आयोजन किया गया।

## 17 गैस एजेंसियों, 45 प्रतिष्ठानों, 5 पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोलरूम सक्रिय है। जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल के निर्देशों जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र में संचालित कंट्रोलरूम में नागरिकों की एलपीजी गैस सम्बन्धी शिकायतों/समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध कार्यवाही की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित 1077, 0135-2626066, 2726066 और व्हाट्सएप नंबर 7534826066 के माध्यम से 05 बजे तक कुल 341 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोल रूम में मौजूद जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में सप्लाई कर रही एलपीजी गैस के सभी एजेंसियों के



**■ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई ■ 19 गैस सिलेंडर जब्त, गैस की कालाबाजारी में 2 गिरफ्तार, 2 पर मुकदमें दर्ज**

प्रतिनिधित्व और जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार आ रही एलपीजी गैस की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता या अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में आज लगभग 29120 अधिक उपभोक्ताओं को घरेलू तथा 69 अपभोक्ताओं को व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई है। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर में 67 हजार के लगभग बैकलॉग है। 1 मार्च से अब तक 191548 घरेलू तथा 15336 व्यवसायिक गैस सिलेंडर का वितरण किया गया है। स्टॉक में 31807 सिलेंडर शेष है जिलें में एलपीजी गैस की मांग अनुसार आपूर्ति किये जाने हेतु लोड बढा दिए गए हैं, जिससे जल्द ही बैकलॉग में कमी आयेगी। जनमानस की सुविधा के लिए विभिन्न माध्यमों से गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर आज जिला प्रशासन की विभिन्न टीमों द्वारा जिले में 17 गैस एजेसियों 45 प्रतिष्ठानो, 05 पैट्रोल पम्प का औचक निरीक्षण किया गया। 19 गैस सिलेंडर जब्त किए गए डोईवाला में एक प्राथमिकी दर्ज करते हुए 2 को गिरफ्तार किया गया। जिला प्रशासन ने जनमानस से अपील की है कि वे घबराएं नही होमडिलिविरी के माध्यम से प्रत्येक उपभोक्ता तक घर तक गैस आपूर्ति की जाएगी। वर्तमान में शहरी क्षेत्र के लिए एक बार गैस सिलेंडर प्राप्त करने के उपरान्त 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही अगला सिलेंडर बुकिंग करा पाएंगे।

## कूड़े की समस्या से निपटने को वन विभाग की नई पहल

**■ राजाजी नेशनल पार्क में चलाया जाएगा बड़ा सफाई अभियान**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रमुख वन क्षेत्रों में कूड़ा प्रबंधन लंबे समय से बड़ी चुनौती बना हुआ है। खासतौर पर राजाजी नेशनल पार्क का वह हिस्सा जो शहरों और आबादी वाले इलाकों के पास हैं, वहां यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

इसी चुनौती से निपटने के लिए अब राजाजी टाइगर रिजर्व में बड़े स्तर पर सफाई अभियान शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस पहल की खास बात यह है कि पहली बार वन विभाग इस अभियान को सरकारी तंत्र के साथ-साथ निजी संस्थाओं और आम लोगों की भागीदारी से चलाने जा रहा है।

#### वन्यजीवों के लिए भी खतरा बनता है कूड़ा

राजाजी टाइगर रिजर्व की भौगोलिक स्थिति भी इस समस्या को बढ़ाती है। यह रिजर्व एक ओर देहरादून और दूसरी ओर हरिद्वार से सटा हुआ है। ऐसे में इसकी सीमाओं के आसपास कई जगहों पर कूड़ा फेंके जाने की शिकायतें आती रहती हैं। कई बार आसपास की बस्तियों से लोग लापरवाही में कचरा जंगल की सीमा के पास डाल देते हैं, जिससे वन क्षेत्र में गंदगी बढ़ जाती है। वन विभाग के अनुसार यह समस्या केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष से भी है। खाने-पीने से जुड़ा कचरा या जैविक अपशिष्ट जंगल की सीमा के पास फेंकने से उसकी गंध वन्यजीवों को आकर्षित करती है। ऐसे में हाथी, भालू और तेंदुए जैसे जानवर भोजन की तलाश में जंगल से बाहर मानव बस्तियों की ओर आने लगते हैं। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है।

**एक साल तक चलेगा अभियान:** राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक कोको रोसे ने बताया कि प्रशासन इस अभियान के लिए निजी संस्थाओं के साथ एक साल का अनुबंध करने जा रहा है। इनके सहयोग से रिजर्व क्षेत्र और आसपास नियमित सफाई अभियान चलाया जाएगा। वन विभाग की को. शिश है कि यह अभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम न बनकर जनभागीदारी वाला आंदोलन बने। इसी कारण युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है।

### अवकाश के बावजूद नगर निगम ने चलाया संपत्ति सत्यापन अभियान

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल के दिए गए निर्देशों के क्रम में अवकाश के दिन भी नगर निगम देहरादून क्षेत्रान्तर्गत भवन कर से वंचित संपत्तियों का वार्ड-वार सत्यापन अभियान चलाया । इस अभियान के अंतर्गत कुल 568 संपत्तियों का सत्यापन किया गया, जिसमें से 50 नवीन संपत्तियों को भवन कर के दायरे में लाया गया। इन संपत्ति स्वामियों को नोटिस प्रेषित करते हुए भवन कर की धनराशि जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

शनिवार को अवकाश के दिन भी नगर निगम कार्यालय खुला रहा, जिसमें कुल 16,09,482 की भवन कर धनराशि वसूल की गई। नगर निगम द्वारा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिन भी भवन कर जमा करने की व्यवस्था की गई है। इच्छुक भवन कर स्वामी नगर निगम कार्यालय में आकर अपना भवन कर जमा कर सकते हैं।

## फूलदेई पर मासूम मुस्कान व लोक संस्कृति से महका भाजपा मुख्यालय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को लोकपर्व "फूलदेई" के अवसर पर बच्चों की मासूम मुस्कान और लोक संस्कृति की मधुर ध्वनि से महक उठा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बच्चों के माध्यम से समस्त प्रदेशवासियों को लोकपर्व का शुभकामना दी। साथ ही फूलों के साथ प्रकृति की खुशबू में विकास की महक समेटने की कामना की।

उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं के प्रतीक लोकपर्व फूलदेई के अवसर पर आज छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इस पर्व की खुशियां साझा कीं। बच्चों ने कार्यालय के मुख्य द्वार पर चावल और रंग-बिरंगे फूल अर्पित कर "फूल देई, छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार" जैसे पारंपरिक लोकगीत गाते हुए सुख-समृद्धि, खुशहाली



**■ फूलदेई से सांस्कृतिक विरासत जीवंत रखने के लिए प्रदेशवासियों को बधाइयां: भट्ट**

और समृद्धि की कामना की। बच्चों की मासूम मुस्कान और लोकगीतों की मधुर ध्वनि से कार्यालय परिसर पूरी तरह लोकसंस्कृति की सुगंध से महक उठा। इस अवसर पर महेंद्र भट्ट ने कार्यालय आए बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए, उन्हें प्यार भरा आशीष दिया। इस दौरान अपने संदेश में उन्होंने कहा, बच्चों द्वारा इस प्रकार पारंपरिक रीति से फूलदेई मनाना इस बात का प्रमाण है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत आज भी नई पीढ़ी के माध्यम से जीवंत बनी हुई है। समाज के सभी वर्गों को मिलकर अपनी लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का प्रयास करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन परंपराओं से जुड़ी रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अनुपम प्रकृति पर्व की खुशबू की तरह, हम सब मिलकर प्रदेश को विकास की महक से भरने का काम करेंगें। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने भी इस मौके पर कहा कि फूलदेई केवल एक पर्व नहीं बल्कि उत्तराखंड की लोकप. रंपराओं, प्रकृति प्रेम और साम. ुदायिक सौहार्द का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को संरक्षित और आगे बढ़ाने में ऐसे पर्वों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यालय में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही एकस्वर में प्रदेशवासियों को फूलदेई के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री हिमानी वैष्णव, महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता जानकी नौटियाल, मोर्चा कार्यालय सह प्रभारी बबली चौहान सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं को सम्मान राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य आवश्यकता: राज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को लोक भवन में कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित "महिला उद्यमी: उभरते सितारे" सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम, उद्योग क्षेत्र से अंजू आहूजा, सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यरत निधि मित्तल बंसल, प्रसिद्ध कलाकार एवं शिक्षिका रूबल नागी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत शशि रतूड़ी तथा अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता आरुषि



**■ वैश्विक मंच पर देश का तिरंगा ऊंचा करना गर्व का विषय: मैरी कॉम**

निशंक सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तब संभव होती है जब उसका विकास महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएँ केवल समाज और परिवार की आधारशिला ही नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और सामा. जिक परिवर्तन की सशक्त वाहक भी बन रही हैं।राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को सम्मान और समान अवसर देना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चुनौतियाँ ही जीवन को नई दिशा देती हैं और उनसे संघर्ष करते हुए ही वास्तविक सफलता प्राप्त होती है।

इस अवसर पर प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम ने अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि मणिपुर के एक साधारण परिवार से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुँचने की उनकी यात्रा आसान नहीं रही। सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और आत्म विश्वास के बल पर अपने सपनों को साकार किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मंच पर देश का तिरंगा ऊँचा करना उनके लिए गर्व का विषय रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शक्ति पर विश्वास रखें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें और निडर होकर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कुल. पति प्रो. तृप्ता ठाकुर एवं हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. भानू दुग्गल, कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मीतू पुरी, अध्यक्ष उत्तरप्रदेश चैप्टर रिया रहेजा, सचिव शिखा घई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## धामी ने मुख्यमंत्री आवास में मनाया लोकपर्व फूलदेई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार लोकपर्व फूलदेई मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को फूलदेई की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री आवास में लोकपर्व फूलदेई, हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पारंपरिक परिधान पहनकर आए बच्चों ने घर की देहरी पर फूल व चावल अर्पित किए और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने ष्फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला- उतुके सईष जैसे लोकगीत गाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकपर्व फूलदेई राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान के भाव को



बनाए रखने का त्योहार है। उन्होंने कहा यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। यह त्योहार दर्शाता है कि जीवन में हमेशा प्रकृति का आभार व्यक्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड की लोक संस्कृति और लोकपर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा हमने अपने लोक त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे कि यह त्यौहार आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे और हमारी लोक संस्कृति हमेशा अमर रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, बसंत के स्वागत और हमारी लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला फूलदेई पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और आने वाली पीढ़ियों को इन अमूल्य परंप. राओं से परिचित कराने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर श्रीमती गीता पुष्कर धामी भी मौजूद रहीं।

# देह व्यापार में दो पुरुष व एक महिला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर थाना क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एएचटीयू टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक पीड़िता को भी मुक्त कराया गया।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर जनपद में अनैतिक देह व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएचटीयू टीम और कोतवाली रानीपुर पुलिस को सूचना मिली कि सलेमपुर स्थित हृदय विहार कॉलोनी के एक मकान में अनैतिक देह व्यापार का धंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से आपत्तिजनक सामग्री बरामद करते हुए दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। जबकि उनके कब्जे से एक पीड़िता को मुक्त कराया गया।




रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, तीन चार्जर, दो लिफाफों में आपत्तिजनक सामग्री तथा देह व्यापार से प्राप्त तीन हजार रुपये की नकदी बरामद की गई है। घटना में प्रयुक्त एक वैगनआर कार भी पुलिस ने कब्जे में ली है। पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह राणा, उपनिरीक्षक विकास रावत, महिला उपनिरीक्षक मनीषा नेगी, अपर उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, कांस्टेबल संजय बलूनी और महिला कांस्टेबल अनीता गुसाईं शामिल रहे। एएचटीयू टीम में निरीक्षक वीरेन्द्र चन्द्र रमोला, महिला हेड कांस्टेबल सुरजीत कौर और कांस्टेबल दीपक शामिल रहे।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी दबोचा, बालिका सकुशल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 12 मार्च को एक व्यक्ति ने कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को ग्राम सराय निवासी अभिषेक पुत्र नेत्रपाल 11 मार्च को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपी के परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ की तथा संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और अन्य माध्यमों से भी जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने 13 मार्च को आरोपी अभिषेक पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम सराय, कोतवाली ज्वालापुर को गिरफ्तार कर लिया और नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक बालिका को आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस टीम में प्रभारी चौकी बाजार उपनिरीक्षक अंशुल अग्रवाल, उपनिरीक्षक सोनल रावत, कांस्टेबल संदीप कुमार, कांस्टेबल नवीन छेत्री तथा सीआईयू के कांस्टेबल वसीम शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड के पास हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार विजय विहार, जमालपुर निवासी आकाश पुत्र सतपाल ने 13 नवंबर 2025 को कनखल थाने में तहरीर देकर बताया था कि राजागार्डन फुटबॉल ग्राउंड के पास किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपियों ने फायरिंग कर दी थी। फायरिंग में उसके भाई सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस संबंध में कनखल थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में शामिल रितिक, भरत, डिकेन्द्र उर्फ डीके, आकाश पाल और कामेन्द्र को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। वहीं घटना में शामिल आरोपी आकाश शर्मा लंबे समय से फरार चल रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कनखल पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने शनिवार को दबिश देकर आरोपी आकाश शर्मा पुत्र बेगराज शर्मा निवासी ग्राम भोगला थाना रायपुर जिला बिजनौर (यूपी) हाल निवासी फुटबॉल ग्राउंड, जगजीतपुर को गिरफ्तार कर लिया। कनखल थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुधांशु कौशिक, कां. प्रलव चौहान, कां. महाबीर सिंह शामिल रहे

# कार-ई-रिक्शा की भिड़त में रिक्शा चालक की मौत, कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर 15 फरवरी देर रात शाहपुर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया था। बैटरी ऑटो रिक्शा और कार की आमने-सामने भिड़ंत में ऑटो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने म्रतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 15 फरवरी देर शाम को कार व बैटरी रिक्शा की आमने सामने की भिड़त में रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। तथा पीछे बैठी उसकी पुत्री गम्भीर घायल हो गई थी। मृतक के पुत्र अमित कुमार ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि मेरे पिता प्रेम सिंह पुत्र बलबीर उम्र करीब 50 वर्ष निवासी पूंडरी खुर्द थाना सोती नगला जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश ऑटो रिक्शा में अपनी बेटी को लेकर हरिद्वार की ओर जा रहे थे। हादसे में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। हादसा पदार्था और शाहपुर के बीच उस समय हुआ था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि 15 फरवरी को कार बैटरी रिक्शा की भिड़त में रिक्शा चालक की मौत हो गई थी उसके बेटे अमित कुमार की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ज्वालापुर में बिजली विभाग की कार्रवाई

# 58 बकायेदारों के कनेक्शन काटे, 9 लाख राजस्व वसूला

### अधिशासी अभियंता रवि कुमार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों में चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ ऊर्जा निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को बड़ा अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता रवि कुमार के निर्देशन में एसडीओ प्रथम शिल्पी सैनी के नेतृत्व में जेई अक्षय कुमार व विभागीय टीम ने विभिन्न इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बकायेदारों पर कार्रवाई की। ऊर्जा निगम की इस सख्ती से बकायेदारों में हड़कंप मच गया और पूरे क्षेत्र में अभियान की चर्चा बनी रही। अभियान के दौरान सीतापुर, सुभाष नगर, पीठ बाजार और मेन बाजार क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान लंबे समय से बिजली बिल



जमा न करने वाले 58 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए, जबकि विभागीय टीम ने करीब 9 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली भी की। अभियान के दौरान ऊर्जा निगम की टीम ने उन कनेक्शनों की भी जांच की जिन्हें पहले बकाया बिल के चलते काटा जा चुका था। जांच में कई स्थानों पर कटे हुए कनेक्शनों को दोबारा अवैध रूप से जोड़कर बिजली का उपयोग करते हुए उपभोक्ता पकड़े गए। ऐसे मामलों में विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, अधिशासी अभियंता रवि कुमार ने बताया कि बिजली चोरी और बकाया बिल न चुकाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें, अन्यथा कनेक्शन काटने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# महिला से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में लोगों को सम्मोहित कर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो पीली धातु के टॉप्स और 9500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार राजीव नगर कॉलोनी गोविंदपुरी निवासी आनंदी देवी पत्नी स्व. गोपाल सिंह बिष्ट ने 12 फरवरी 2026 को कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया था कि तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें सम्मोहित कर करीब 50 हजार रुपये और कान के कुंडल उतरवा लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर के निर्देशन में टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर संदिग्धों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने 13 मार्च 2026 को लालपुर से ज्वालापुर जाने वाले रास्ते से आरोपी जमशेद पुत्र गफ्फार निवासी सेक्टर-11 झुग्गी-झोपड़ी थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद (उप्र) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से दो पीली धातु के टॉप्स और 9500 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार, चौकी रेल प्रभारी उपनिरीक्षक समीप पाण्डेय, हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह, कांस्टेबल अर्जुन चौहान, कांस्टेबल सुनील शर्मा, कांस्टेबल नवीन छेत्री तथा सीआईयू के कांस्टेबल पदम सिंह व कांस्टेबल हरवीर सिंह शामिल रहे।

# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने लालपुर से नहर पटरी जटवाड़ा पुल की ओर आम के पेड़ के पास से भविष्य पाल उर्फ सागर पुत्र निरंजन सिंह पाल निवासी कठघर, होली का मैदान निकट त्रिदेव मंदिर थाना कठघर जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2 किलो 35 ग्राम अवैध गांजा और वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत पर कांग्रेस का हल्ला बोल, चूल्हा जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी हरिद्वार ने गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर शिवमूर्ति तिराहे पर चूल्हा जलाकर भाजपा सरकार के खिलाफ चूल्हा जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गैस की कमी से आमजन, तीर्थयात्रियों और होटल-धर्मशालाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि हरिद्वार एक प्रमुख तीर्थस्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान और अस्थि विसर्जन के लिए आते हैं। गैस सिलेंडर की कमी के कारण होटल, धर्मशालाओं और आश्रमों में आने वाले यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने मांग



की कि हरिद्वार में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई जल्द शुरू की जाए। पूर्व विधायक रामयश सिंह और पूर्व प्रदेश महासचिव वरुण बालियान ने कहा कि सरकार के बड़े दावे धराशायी हो चुके हैं और देशभर में गैस की किल्लत से लोग परेशान हैं। वहीं वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा और महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव ने कहा कि गैस एर्जेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष विमला पांडेय ने कहा कि गैस की कमी के कारण गृहिणियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पार्षद विवेक भूषण विक्की और सोहित सेठी ने प्रशासन से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई शुरू करने की मांग की, ताकि घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी पर अंकुश लग सके। इस दौरान तरुण व्यास, अजय गिरी, नलिनी दीक्षित, शशि झा, रवि मनोचा, चोखेलाल, रोशनी कल्याण, आशीष पंवार, मनीराम बागड़ी, सतेंद्र वर्मा, अरुण चौहान, सुनील कुमार प्रजापति, गगनदीप सिंह, शिवम चौहान, अंकित अग्रवाल, भारत भाटिया, नवीन भाटिया, विक्रम भाटिया, मोहित अरोड़ा, दीपक पांडेय, अखिल त्यागी, राहुल चौधरी, गौरव गोस्वामी, मोहित अरियाल, नागेश रावत, विजय प्रजापति, धनीराम शर्मा, प्रदीप भाटिया, वरुण भाटिया, मुन्ना मास्टर, अमन यादव, हेमंत चंचल, मनीष गुप्ता, मोहित गर्ग, संदीप जाटव, सत्यम शर्मा, दिव्यांश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में चलाया गया वसूली अभियान

# 92 कनेक्शन काटे, छह लाख की राजस्व वसूली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऊर्जा निगम ने बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ज्वालापुर क्षेत्र में विशेष वसूली अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता रवि कुमार के निर्देश पर एसडीओ अर्चना के नेतृत्व में विभागीय टीम ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए।

अभियान के तहत ज्वालापुर क्षेत्र के अहबाबनगर, विष्णुलोक कॉलोनी, धीरवाली, घोसियान और कोटरवान सहित कई मोहल्लों में सघन चेकिंग की गई। इस दौरान लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले 92 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। साथ ही विभाग ने मौके पर ही करीब 6 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। अधिशासी अभियंता रवि कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया है, उनके खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर बिजली बिल जमा कर दें, अन्यथा उनके कनेक्शन काटे जाने के साथ ही आगे की विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है। अभियान के दौरान जेई मनोज कुमार, जेई मुकेश कुमार, लाइनमैन श्रवण गिरी, संजय चौहान, राव फरमान और अजमल सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यापारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दबंगों पर की कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वार्ड नं. 9 ब्रह्मपुरी हरिद्वार निवासी मातबर सिंह चौहान ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार को प्रार्थना पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

व्यापारी मातबर सिंह चौहान पुत्र अवतार सिंह निवासी गोपाल मंदिर के पीछे ब्रह्मपुरी, हरिद्वार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि प्रार्थी ललतारो पुल हरिद्वार पर खाने का होटल चलाता है जिस कारण वह देर रात तक अपने घर पहुंचता है। मातबर सिंह चौहान ने कहा कि होली के दिन 4 मार्च को दोपहर 1.30 के लगभग शिवम निवासी गुरूद्वारा सिंह सभा ललतारौ पुल, कन्हैया झा, सत्यम झा, राजा उनके अन्य साथियों ने उसके घर पर आकर उसके परिवार के साथ गाली-गलौच व मारपीट की यहीं नहीं इस मारपीट में आरोपियों ने मेरी पुत्रवधु मोनिका चौहान का मोबाईल फोन व चौन भी छीन ली साथ ही मेरे घर के भीतर आकर प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी के साथ मारपीट की तथा घर में कांच की बोतलें भी फेंकी जिससे उसका परिवार बेहद सहमा हुआ है। मातबर सिंह चौहान ने कहा कि कन्हैया झा दबंग व गिरोहबंद व्यक्ति है जिस पर हरिद्वार पुलिस द्वारा गुण्डा एक्ट की कार्रवाई भी पूर्व में हुई है वह प्रार्थी व प्रार्थी के परिवार को निरन्तर धमकियां दे रहा है। अनेक बार सूचना देने पर भी कोतवाली हरिद्वार पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मातबर सिंह चौहान के प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पुलिस को उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है। उसके बावजूद भी आरोपी दबंग युवकों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# हिंदू सम्मेलन में क्रिकेट कोच अवतार चौधरी व एथलेटिक कोच भारतभूषण सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार सहित विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अलग-अलग सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े वक्ताओं ने हिंदू सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज में एकता व सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामाजिक व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसी क्रम में हरिद्वार के जाने-माने क्रिकेट कोच अवतार चौधरी और एथलेटिक कोच भारतभूषण को भी सम्मानित किया गया। बताया गया कि अवतार चौधरी वर्तमान में शौर्य क्रिकेट अकादमी के माध्यम से कई क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी आईपीएल सहित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं। वहीं एथलेटिक कोच भारतभूषण ने भी एथलेटिक्स के क्षेत्र में कई खिलाड़ियों को तैयार कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक दिलवाए हैं। वर्तमान में वे एसएमजेएन डिग्री कॉलेज, हरिद्वार में खेलकूद प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि भारतभूषण स्वयं भी अपने खेल जीवन में विभिन्न राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई पदक जीत चुके हैं। सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने दोनों कोचों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।




# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 5000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। आरोपी काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी। 29 जनवरी को कमल राम निवासी बलियो चिलकहर, उत्तर प्रदेश ने थाना सिडकुल में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

जांच के दौरान 2 फरवरी को पुलिस ने अपहृत नाबालिग को बरामद कर लिया था, लेकिन मामले का मुख्य आरोपी राहुल पुत्र करण सिंह निवासी नहटोर थाना नहटोर जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश), जो वर्तमान में हेतमपुर रोशनाबाद थाना सिडकुल क्षेत्र में रह रहा था, फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा उस पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने मोबाइल सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 14 मार्च को महिंद्रा चौक क्षेत्र से आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# नाले में अज्ञात शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में संत निरंकारी भवन के समीप नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शनिवार सुबह राहगीरों की नजर नाले के किनारे पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही रानीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव नाले के किनारे पड़ा मिला, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव को नाले में फेंका गया हो। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर

# 15 औद्योगिक इकाइयों सहित 65 के काटे कनेक्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में ऊर्जा निगम द्वारा बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ चलाया जा रहा राजस्व वसूली अभियान लगातार तेज होता नजर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बहादराबाद उपखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में ऊर्जा विभाग की टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। अधीक्षण अभियंता प्रदीप चौधरी व अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में उपखंड अधिकारी अक्षय कपिल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जमालपुर खुर्द और रोशनाबाद क्षेत्र में सघन चेकिंग की। इस



दौरान जेई शिवानी शर्मा और जेई स्वीटी सैनी सहित विभागीय कर्मचारियों ने घर-घर और औद्योगिक इकाइयों में जाकर बकाया बिजली बिलों की जांच की तथा उपभोक्ताओं से तत्काल भुगतान करने के लिए कहा। अभियान के दौरान कई उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया गया था। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 15 औद्योगिक इकाइयों और 50 घरेलू उपभोक्ताओं के कुल 65 बिजली कनेक्शन काट दिए। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। विभागीय टीम ने अभियान के दौरान उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा कराने के लिए जागरूक भी किया। कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपना बकाया बिल जमा कराया, जिसके चलते विभाग को करीब 17 लाख रुपये की राजस्व वसूली प्राप्त हुई। वहीं, अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने चेतावनी दी कि यदि किसी उपभोक्ता का बिल लंबे समय तक बकाया पाया गया तो उसके खिलाफ कनेक्शन विच्छेदन सहित अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, मरीज की मौत के बाद भीम आर्मी व परिजनों का हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र स्थित जया मैक्सवेल अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हो गया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि बीते दिन तबीयत खराब होने पर मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। लेकिन इलाज के दौरान शनिवार सुबह मरीज की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार के समर्थन में भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टरों की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। परिजनों का कहना है कि इससे पहले भी इस अस्पताल में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें मरीजों की मौत हो चुकी है। हंगामा बढ़ता देख बहादराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। वहीं मौके पर पहुंचे सीओ ज्वालापुर संजय चौहान ने बताया कि परिजनों से लिखित शिकायत ले ली गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मामले की जांच के लिए पैनल गठित किया जाएगा और यदि जांच में डॉक्टरों की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# केन्द्र की जनविरोधी नीतियों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी मुखर

## 24 मार्च को दिल्ली में कम्युनिस्ट पार्टी निकालेगी रैली, बैठक कर पदाधिकारियों ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) के देशव्यापी आह्वान पर आगामी 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में, मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की मजदूर, किसान, मेहनतकश, गरीब और संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाली रैली की तैयारियों और जनता से संवाद को लेकर, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य नेतृत्व, जिसमें पार्टी के केन्द्रीय कमेटी और किसानों के राष्ट्रीय नेता के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एक जत्था जो 08 मार्च को देहरादून से चला था और आज न ई टिहरी नगर पहुंचने पर, पार्टी की जिला कमेटी ने सुमन पार्क के बाहर एक जत्थे के नेताओं का स्वागत किया।



इस मौके पर सुमन पार्क के बाहर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा से पूर्व सुमन पार्क में स्थापित टिहरी जनक्रांति के नायक श्रीदेव सुमन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सभा को पार्टी के केन्द्रीय कमेटी के सदस्य कामरेड राजेंद्र नेगी, राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र पुरोहित, किसान सभा की केन्द्रीय कमेटी के सदस्य कामरेड पुष्पेंद्र त्यागी, सीटू के जिला सचिव कामरेड चिंता मणी थपलियाल,एस एफ आई के राज्य अध्यक्ष कामरेड नितिन मलेठा, किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव कामरेड बडोघ्नी, किसान सभा के जिला अध्यक्ष कामरेड जबर सिंह नेगी, जिला सचिव कामरेड कृपाल सिंह कठैत,एस एफ आई के राज्य सचिव कामरेड शैलेन्द्र परमार ने किया। सभा की शुरुआत से पहले क्रांतिकारी जनगीतों के प्रणेता कामरेड धौलाखण्डी के मार्गदर्शन में जनगीत प्रस्तुत किए गए। सभा का संचालन पार्टी के जिला सचिव कामरेड भगवान सिंह राणा ने किया।

सभा को पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य राजेंद्र नेगी, राज्य सचिव राजेंद्र पुरोहित, किसान सभा के केंद्रीय कमेटी सदस्य पुष्पेंद्र त्यागी, सीटू के जिला सचिव चिंता मणि थपलियाल, स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया के राज्य अध्यक्ष नितिन मलेठा, किसान सभा के जिलाध्यक्ष जबर सिंह नेगी, जिला सचिव भगवान सिंह राणा, जिला सचिव कृपाल सिंह कठैत और एसएफआइ के राज्य सचिव शैलेंद्र परमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्टी और जनसंगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय और राज्य के नेतृत्वकारी साथियों ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा अपनाई जा रही नीतियों से श्रम कानूनों को खत्म करना, मनरेगा को खत्म करना, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ मजदूर-किसान की एकता को मजबूत करने और मोदी सरकार के जनविरोधी कदमों को रोकने के लिए 24 मार्च की दिल्ली रैली में जनपद से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। सभा के समापन के बाद सभा स्थल से आंबेडकर पार्क तक रैली के रूप में जाकर, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में पार्टी और जनसंगठनों के दर्जनों साथियों ने हिस्सेदारी की। उपरोक्त के अलावा पार्टी के जिला कमेटी सदस्य कामरेड श्रीपाल चौहान, सफर सिंह नेगी, कृष्णा कठैत, गुलाब सिंह कठैत,मंगल सिंह कठैत, जवाहर लाल बडोनी, महिला समिति की नेत्री दिला राणा,माया राणा, ग्राम प्रहरी यूनियन के जिला सचिव कामरेड रमेश लाल, पीटीसी से पार्टी सदस्य जय सिंह पंवार, श्रमिकों के बीच काम करने वाले साथी मोहन लाल आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सेदारी की।

## नगर पालिका में वेस्ट मैनेजमेंट जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नगर पालिका परिषद विकासनगर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेस्ट मैनेजमेंट जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

इस प्रतियोगिता में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, विकासनगर तथा एनफील्ड स्कूल, विकासनगर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपने सुंदर चित्रों के माध्यम से स्वच्छता, प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभाव और सही तरीके से कचरे के निस्तारण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए कचरा प्रबंधन की सही जानकारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकारी समाज को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का कार्य करेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका से मोहित पाठक, कर अधीक्षक मनोज कोहली की निरीक्षक, विनोद डिमरी, सुनील कुमार, आशीष रौथन, राजेश अभिषेक पंचमुखी सेवा समिति, तोमर, सुरेश रावत तथा अभिषेक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## स्वयंसेवी शिक्षकों की अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**बड़कोट /उत्तरकाशी:** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ष्सभी के लिए शिक्षाष के अंतर्गत ष्उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रमष के तहत एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद उत्तरकाशी के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के स्वयंसेवी शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय बड़कोट, राईका नौगांव एवं होली लाइफ पब्लिक स्कूल के एन. सी. सी, एन. एस. एस. और स्काउट -गाइड के स्वयं सेवी छात्रों ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय बड़कोट से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पुष्पेन्द्र सेमवाल, डायट प्रवक्ता डॉ सुबोध सिंह बिष्ट, मोहम्मद अरशद अंसारी, टीकाराम आदि उपस्थित रहे।

## स्यूटा के ग्रामीणों ने लिया गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी।जनपद टिहरी के विकासखंड चंबा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटा स्यूटा में आयोजित ग्राम पंचायत की बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में गांव में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए सामाजिक जागरूकता और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से इसे रोकने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

ग्राम पंचायत की बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव में नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के लिए ग्राम सुधार समिति का गठन किया जाए। यह समिति गांव में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, बैठकों और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगी और नशा मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में कार्य करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से सीमा को ग्राम सुधार समिति का अध्यक्ष, जयेंद्र भंडारी को उपाध्यक्ष और अंकित बिष्ट को सचिव चुना गया है। समिति में गांव के अन्य जागरूक नागरिकों को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो इस सामाजिक अभियान को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में शराब नहीं संस्कार अभियान के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने ग्रामीणों को नशा मुक्त गांव बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि गांव स्तर से शुरू हुई ऐसी पहल पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज ही स्वस्थ, संस्कारित और समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। बैठक में ग्राम प्रधान दर्शनी देवी, ममता, सीता देवी, सविता, सुशीला, लक्ष्मी, शांति, संतोष, उर्मिला, सुनीता, रजनी, पूजा, हंसा देवी, ऊषा, दिनेश भंडारी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## टिहरी बांध विस्थापितों और प्रभावितों का धरना 15वें दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी बांध विस्थापितों और प्रभावितों की मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन शनिवार को 15वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी गणेश चौक बौराड़ी में धरने पर बैठे रहे और अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।



आंदोलनकारियों की मुख्य मांग है कि टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को टिहरी जिले के विकास कार्यों पर खर्च किया जाए और विस्थापितों व प्रभावित परिवारों को निश्शुल्क बिजली-पानी उपलब्ध कराई जाए।

आंदोलनकारियों का कहना है कि टिहरी बांध से उत्पादित बिजली अन्य प्रदेशों को मुफ्त में दी जा रही है, जबकि इस विशाल परियोजना के लिए टिहरी की जनता ने अपनी पुश्तैनी जमीन और घर-बार तक छोड़ दिए। इसके बावजूद बांध विस्थापितों और प्रभावितों को इसका उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बांध से मिलने वाली रायल्टी का लाभ सबसे पहले टिहरी जिले के लोगों को मिलना चाहिए। आंदोलनकारियों ने मांग की है कि रायल्टी से पहले स्थानीय लोगों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराया जाए, जबकि शेष राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य विकास कार्यों पर खर्च की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर सांगर भंडारी, अजय पंवार, विकास पंवार, देवांक चमोली, आरोही भंडारी, रोशनी कंडियाल, भारती पेटवाल, मनीषा गुसाईं, टिकम सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह सूरी, बबली रावत, प्रतिमा रावत आदि मौजूद रहे।

### एक नजर .......

## सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत टुंडरा में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण तथा मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान विवेक रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देशभर में सच्चे समाजसेवियों के निर्माण का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एनएसएस की मुख्य थीम "यूथ फॉर भारत" है। कार्यक्रम में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेरचंद ने शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन खुदवान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को सामाजिक कार्यों के माध्यम से अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान विवेक रावत ने भी शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए शिविर के सफल संचालन के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ. यशवीर रावत, डॉ. प्रवेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. नवीन कुमार, योग प्रशिक्षक मनोज जोशी, आशीष राणा, मनीष पवार, अर्जुन, विनोद जोशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुदीप्ता कंडारी ने किया।

## विधायक के प्रयासों से जलभराव से लोगों को मिली निजात

**विकासनगर।** कंडोली पीडब्ल्यूडी मुख्य मार्ग से भद्रकाली होते हुए बहल, कांसवाली तथा आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्ग के भद्रकाली तिराहे पर लंबे समय से नाली के गंदे पानी की समस्या बनी हुई थी। जलभराव के कारण आवागमन करने वाले स्थानीय लोगों, राहगीरों तथा वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के प्रयासों से प्रात: बड़े पाइप डालकर स्थायी समाधान का कार्य कराया गया। पाइप लाइन बिछने से अब पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सकेगी, जिससे जलभराव की समस्या समाप्त होगी और क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कंचन, ग्राम प्रधान कोमल, मंडल उपाध्यक्ष अनूप सेमवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मेघ सिंह, जितेंद्र पुंडीर, दिनेश चंद जोशी, सुमेर धीमान, सुनील धीमान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन

**विकासनगर।** देहरादून के शिवालिक ग्रामीण मंडल में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने संगठनात्मक सुदृढ़ता में प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका पर कार्यकर्ताओं के साथ सार्थक संवाद किया।विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ताओं से आती है और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक तथा संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता सशक्त और समर्पित होंगे, तभी संगठन और अधिक मजबूत होकर समाज और राष्ट्र के लिए प्रभावी कार्य कर सकेगा। उन्होंने कहा कि 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण' की मूल भावना को आत्मसात करते हुए यह प्रशिक्षण महाअभियान संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जेबीआईटी में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपंन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपंन हुई। समारोह के समापन पर मुख्य अतिथि दीपक मेहरा प्रिसिडेंट क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड और संदीप सिंघल वाईस चेयरपर्सन जेबीआईटी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि दीपक मेहरा ने खेल का विद्यार्थी जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर संस्थान में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें इंजिनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, एग्रीकल्चर और अप्लाईड साइंसेस के विभिन्न विभागों से लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बैडमिंट, क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल, बास्केटबाल, कबडडी, खो-खो, डिस्कस थ्रो आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. पीके चौधरी डायरेक्टर, डा. विशांत कुमार निदेशक प्रशासनिक, डा. संदीप चौधरी, रविशंकर खेल अधिकारी और अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## डॉ. पूजा गौड़ को पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय का 'प्रगतिशील कृषक सम्मान'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और किसानों तथा महिलाओं को वैज्ञानिक पद्धति से खेती के लिए प्रेरित करने पर डॉ. पूजा गौड़ को 'प्रगतिशील कृषक सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कृषि क्षेत्र में नवाचार और ग्रामीण समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।



डॉ. पूजा गौड़ लंबे समय से चकराता क्षेत्र में किसानों और महिलाओं को आधुनिक व वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित कर रही हैं। वे लगातार नई-नई कृषि व्यवसायिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी आय बढ़ाने के लिए कार्य कर रही हैं। डॉ. गौड़ के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए हाल ही में उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), पूसा, भारत सरकार द्वारा भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा उन्हें नई दिल्ली में आयोजित "ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन वूमेन इन एग्री-फूड सिस्टम में युवा वक्ता के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया, जिसमें विश्व के लगभग 60 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

डॉ. पूजा गौड़ ने कहा कि उन्होंने अपने करियर को आईटी (इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) से केटी (कृषि टेक्नोलॉजी) की ओर मोड़ा है और वे चाहती हैं कि आज का युवा भी कृषि क्षेत्र की ओर ध्यान दे। उनका मानना है कि कृषि अपने आप में एक बेहतरीन व्यवसाय है और युवा यदि वैज्ञानिक तरीके से खेती करें तो वे एक सफल उद्यमी बन सकते हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए केवीके प्रभारी और विश्वविद्यालय के कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मंच ने उनके कार्यों को पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन सभी किसान और महिलाओं का भी है जो उनके साथ जुड़कर हर मिशन में सहयोग कर रहे हैं।

## एलपीजी-पेट्रोल की कालाबाजारी रोकने को प्रशासन मुस्तैद

**उत्तरकाशी : रसोई गैस के लिए सुबह चार बजे से लगी लाइन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** देशभर में गैस क्राइसिस की खबरों के बाद हड़कंप मचा हुआ है। जिले के चिन्यालीसौड़, नौगांव, पुरोला समेत सभी जगहों पर एलपीजी गैस सिलेंडर्स के लिए लंबी लंबी लाइनें लग रही हैं। इस बीच कालाबाजारी रोकने को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद हो गया है। जिस पर रोक लगाने के लिए भी कोशिशें की जा रही हैं। जनपद के अलग अलग जिलों से भी गैस सिलेंडर को लेकर लाइनें लग रही हैं।

शनिवार को उत्तरकाशी के जोशियाडा में इंडेन गैस के लिए तड़के करीब चार बजे लाईन लग गई इन में से सैकड़ों लोगों गैस सिलेंडर नहीं मिल पाया और बैरंग लौटना पड़ा है।

वहीं भारत गैस और एचपी गैस एजेंसियों के सामने लोगों की लंबी कतारें लग रही है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से रसोई गैस पेट्रोल और डीजल की कालाबाजारी या जमाखोरी रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर 9456556431 जारी किया है।जिस पर यदि कोई प्रशासन को सूचना देता है तो दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। हालांकि पेट्रोल और डीजल की जिले में कोई कमी महसूस नहीं हुई।

वहीं व्यवसायिक सिलिंडरों के आबंटन पर लगी अस्थाई रोक का असर भी होटल एवं ढाबों और रेस्टोरेंट पर दिखने लगा है। कमर्शियल सिलिंडर की उपलब्धता न होने से यमुना घाटी के नौगांव बंद होने की खबर है।

इधर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि व्यवसायिक सिलिंडरों के आवंटन पर नौ दिनों के लिए फिलहाल अस्थाई रोक लगा रखी है। अस्पताल, स्कूल आदि पर को रोक नहीं लगाई गई है।

## चकराता से 24 वर्षीय महिला लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** कोतवाली चकराता में एक चिंताजनक घटना सामने आई है। ग्राम मेहरावना, पोस्ट डुगियारा, तहसील-थाना चकराता निवासी अक्षय कुमार पुत्र धूमी दास ने अपनी 24 वर्षीय पत्नी रितिका देवी के अचानक बिना बताए गायब हो जाने की शिकायत दर्ज कराई है।



13 मार्च 2026 को वादी अक्षय कुमार ने कोतवाली पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी रितिका देवी 12 मार्च 2026 को घर से बिना किसी सूचना के कहीं चली गईं। परिवार वाले उनकी तलाश में परेशान हैं और कोई सुराग नहीं मिला है। इस तहरीर के आधार पर कोतवाली पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस मामले की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक युद्धवीर सिंह को सौंपी गई है। अक्षय कुमार ने अपील की है कि यदि किसी को रितिका देवी के बारे में कोई जानकारी हो तो कोतवाली चकराता से संपर्क करें। चकराता के ग्रामीण इलाकों में ऐसी घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और सूचना दें।

## आयुषी बनी जिलाध्यक्ष

**विकासनगर।** अखिल भारतीय ब्रैहामण जनकल्याण समिति ने अनुश्रवण समिति की संस्तुति के आधार पर आयुषी शर्मा को देहरादून जिले का महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। आयुषी के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की आयुषी ब्राहमण हित में गतिशील योगदान देते हुए संगठन एवं समाज को मजबूत करने का कार्य करेगी।

## जौनसार-बावर के पहाड़ी क्षेत्रों में आयुर्वेदिक औषधियों की अपार संभावनाएं: अमर सिंह

**परम्परागत औषधीय ज्ञान के संरक्षण पर एनएसएस शिविर में विशेष प्रशिक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम ककाड़ी, विकासखंड कालसी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर "परम्परागत औषधीय ज्ञान एवं ग्रामीण स्वास्थ्य" विषय पर विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जौनसार-बावर क्षेत्र में उपलब्ध औषधीय पौधों के पारम्परिक ज्ञान को संरक्षित करना और स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वरुण प्रसाद सेमवाल ने अतिथियों के स्वागत के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, समाजसेवी एवं जड़ी-बूटी विशेषज्ञ अमर सिंह चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने जौनसार बावर क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न औषधीय वनस्पतियों के महत्व और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जौनसार-बावर के पहाड़ी क्षेत्रों में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों की भरपूर संभावनाएँ मौजूद हैं और यदि इनका संरक्षण एवं वैज्ञानिक ढंग से उपयोग किया जाए तो यह क्षेत्र आयुर्वेदिक औषधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती केशो देवी ग्राम ककाड़ी ने बताया कि वे वर्षों से पारम्परिक ज्ञान के आधार पर ग्रामीणों का उपचार करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में कई औषधीय पौधे आधुनिकीकरण और वनों की कटाई के कारण धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं, इसलिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डा. प्रियंका जलाल, डॉ. रेनू देवी, नरेश चौहान, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, गुड्डी देवी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने 'मुख्य सेवक संवाद' में सुनी क्षेत्र की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

चंपावत।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर में आयोजित 'मुख्य सेवक संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग कर क्षेत्र की माताओं, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्णागिरि मेला समिति, व्यापार मंडल के प्रति. निधियों तथा अन्य नागरिकों से आत्मीय संवाद किया।



■ दिए समाधान के निर्देश,क्षेत्र की माताओं, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्णागिरि मेला समिति, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने रखी समस्याएं

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसमस्याओं को सीधे जनता से सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रति. निधियों से क्षेत्र की आवश्यकताओं, सुझावों तथा समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं सुझावों पर गंभीरता से कार्य करते हुए उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को समयबद्ध रूप से राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री धामी ने टनकपुर अस्पताल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह चिकित्सालय एक ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, जहाँ न केवल टनकपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोग बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद में आते हैं। इसी विशेष महत्व को देखते हुए सरकार द्वारा यहां स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध डायलिसिस सुविधा का विस्तार करते हुए जल्द ही यहां एक और डायलिसिस मशीन स्थापित की जाएगी।

क्षेत्र के समग्र विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर से माँ पूर्णागिरि के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री धामी ने भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि टनकपुर का बूम क्षेत्र आने वाले समय में पर्यटन एवं वॉटर स्पोर्ट्स के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही इसे एक आकर्षक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार का संकल्प टनकपुर को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं सुविधायुक्त बनाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख चम्पावत अंचला बोहरा, विधायक प्रतिनिधि टनकपुर दीपक रजवार, जिला महामंत्री हिमेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय केदार सिंह बृजवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एक और मुसीबत में फंसी ब्लॉगर ज्योति अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता के लिए पहचानी जाने वाली ब्लॉगर ज्योति अधिकारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया गया है, जो इस बार उनके पति से जुड़ा हुआ है। यह मुकदमा एक कथित शराब बिक्री के मामले में दर्ज हुआ है, जिसका वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में ज्योति अधिकारी के पति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए देखा गया है, जिसके बाद हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। नए मुकदमे में नीरज भट्ट नामक एक व्यक्ति ने ज्योति अधिकारी और उनके पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नीरज जो कि हल्द्वानी के संपदा विहार, लालमणि निवाड़ फेज 1 में किराने की दुकान चलाता है, ने आरोप लगाया कि कुछ समय पहले ज्योति के पति ने उसकी दुकान के पास शराब बेचने की कोशिश की थी। जब नीरज ने उन्हें ऐसा करने से रोका, तो आरोप है कि ज्योति के पति ने नीरज के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का दावा किया गया है कि सीसीटीवी कैमरे में भी यह पूरी वारदात कैद हुई है। नीरज का कहना है कि इस घटना के बाद ज्योति अधिकारी ने फेसबुक लाइव वीडियो के जरिए उनकी पत्नी पर झूठे आरोप लगाए और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद 12 मार्च को ज्योति के पति ने नीरज के घर पर आकर उन्हें धमकी दी और फिर उनकी दुकान पर जाकर गाली-गलौज की। नीरज के मुताबिक, जब ज्योति ने डायल 112 पर झूठी सूचना दी कि नीरज उनके घर पर आया था, तो उनके पास इसका भी साक्ष्य है। नीरज का कहना है कि उस समय वह अपनी दुकान पर ही मौजूद थे और यह भी सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई देता है। कोतवाली प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर ज्योति अधिकारी और उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया सीएम आवास कूच, जमकर की नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ मानदेय वृद्धि समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर से देहरादून पहुंची

**देहरादून।** मानदेय वृद्धि समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर से देहरादून पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास कूच किया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हाथीबड़कला में बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परेड मैदान से मुख्यमंत्री आवास के लिए रैली निकाली, लेकिन पहले से ही मौजूद भारी पुलिस बल ने उन्हें न्यू कैंट रोड स्थित हाथी बड़कला में बैरिकेडिंग पर रोक दिया। इस दौरान खूब धक्का मुक्की और नारेबाजी हुई. जिसके अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।

संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी ने कहा आज पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती , सेविका मिनी कर्मचारियों ने इकट्ठा होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा उनकी मानदेय बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है. उसी तरह राज्य सरकार से भी यह आस लगाए हुए बैठे हुए हैं कि सरकार उनके मानदेय में वृद्धि करेगी, लेकिन राज्य सरकार ने भी अब तक कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा इतने कम मानदेय से महिलाओं को अपने परिवार का भरण पोषण करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ऊपर से उनके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने सरकार से 18 हजार रुपए मानदेय दिए जाने की मांग उठाई है. संगठन का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से ना जोड़ा जाए. इसके अलावा उनके मानदेय में राज्य सरकार 140 रुपए प्रतिदिन की वृद्धि करें। केंद्र सरकार को 150 रुपए प्रतिदिन का प्रस्ताव भेजा जाए. अपनी मांगों को लेकर महिलाओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा है।

## ठेकेदार और महिला कांस्टेबल के बीच का विवाद कोतवाली पहुंचा

**हल्द्वानी।** मकान बनाने का ठेका लेने वाले ठेकेदार और महिला कांस्टेबल के बीच चल रहा विवाद कोतवाली पहुंच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के हल्द्वानी कोतवाली बुलाया तो विवाद और बढ़ गया। आपा खो बैठे महिला कांस्टेबल के पति ने कोतवाली के एसएसआई के सामने ही शिकायतकर्ता ठेकेदार को थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ खाने के बाद पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने महिला कांस्टेबल के पति के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बेतालघाट निवासी ठेकेदार दिगंबर मेहरा ने पहले इस मामले में एसपी सिटी मनोज कत्याल को शिकायती पत्र देकर कहा कि था कि उसने सीबीसीआईडी में तैनात महिला सिपाही पूनम कोरंगा पत्नी राकेश बिष्ट का टीपी नगर क्षेत्र में मकान बनाया था। आरोप है कि मकान बनाने के बाद उक्त लोगों ने उसके लाखों रुपए रोक लिए। दिगंबर की शिकायत पर एसपी ने हल्द्वानी कोतवाली को मामले की जांच के निर्देश दिए। इसके तहत बीती 12 मार्च को पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया। आरोप है कि कोतवाली में राकेश बिष्ट ने एसएसआई भूपेंद्र सिंह मेहता के सामने उसे थप्पड़ जड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप पूनम पर भी है कि उसने दिगंबर को झूठे केस में बंद कराने की धमकी दी। अगले दिन दिगंबर पूरे मामले की शिकायत लेकर एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के पास पहुंचा। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बजट सत्र के दौरान सामने आई जानकारी, पांच साल में 826 स्कूल बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में बजट सत्र के दौरान शिक्षा विभाग से एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आयी है। उत्तराखंड में पांच साल में 826 प्राथमिक स्कूल बंद हुए हैं। बताया जा रहा है कि पलायन और घटती छात्र संख्या के कारण इन स्कूलों को बंद करना पड़ा, इसकी जानकारी सरकार ने विधानसभा में दी।

उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सरक. ारी शिक्षा व्यवस्था के हालात किसी से छुपे नहीं है। अब विधानसभा के माध्यम से इसे लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि राज्य में पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान 826 प्राथमिक विद्यालयों पर ताले लग चुके हैं। ये जानकारी शिक्षा मंत्री ने एक सवाल के बाद विधानसभा में दी है। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है बल्कि पहाड़ों में बदलते सामाजिक और आर्थिक हालात की भी एक स्पष्ट तस्वीर पेश कर रही है। कभी जिन गांवों के स्कूल बच्चों की चहल पहल से गुलजार रहते थे आज वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। कई स्कूलों में छात्रों की संख्या इतनी कम रह गई कि उन्हें चलाना मुश्किल हो गया है।

यही कारण है कि शिक्षा विभाग को इन स्कूलों को बंद करने या नजदीकी विद्यालयों में समायोजित करने का फैसला लेना पड़ा। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पहाड़ों के भविष्य को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।



फाईल फोटो

■ पलायन और घटती छात्र संख्या बनी स्कूलों की बंदी का कारण ■ विधानसभा बजट सत्र के दौरान सामने आए आंकड़े

### विधानसभा सत्र में किया सरकार ने स्वीकार

विधानसभा में जब इस विषय को भाजपा के ही विधायक महेश जीना ने उठाया तो सरकार की ओर से दिए गए आंकड़ों ने स्थिति की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया सरकार ने स्वीकार किया कि छात्र संख्या बेहद कम होने के कारण कई विद्यालयों को बंद करना पड़ा।जानकारी के अनुसार 826 स्कूल ऐसे हैं जिन्हें पूरी तरह बंद कर दिया गया है, क्योंकि वहां पढ़ने वाले छात्रों की संख्या बेहद कम रह गई थी। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया स्कूलों की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 808 प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। सरकार का कहना है कि जिन स्कूलों में बहुत कम छात्र रह गए थे वहां बच्चों को पास के बड़े स्कूलों में भेजा गया है। जिससे उन्हें बेहतर शिक्षण माहौल और संसाधन मिल सकें।

### किस जिले में स्कूल बन्द होने की समस्या का कितना असर

स्कूल बंद होने की समस्या का असर पूरे राज्य में एक जैसा नहीं है। कुछ जिलों में यह स्थिति ज्यादा गंभीर दिखाई दे रही है। विधानसभा में रखे गए आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक टिहरी जिले में स्कूल बंद हुए हैं। यहां 262 स्कूलों को बंद किया गया है। चंपावत जिले में 34, पौड़ी गढ़वाल में 120, उत्तरकाशी में 25, रुद्रप्रयाग में 15 , नैनीताल में 49, देहरादून में 38 जबकि हरिद्वार में 2 और उधमसिंह नगर में 21, के साथ साथ अल्मोड़ा में 83, चमोली में 43 स्कूल बंद हुये हैं। बागेश्वर में भी 25 स्कूलों में तले लगे हैं। पिथौरागढ़ ने 104 स्कूल बंद हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि पहाड़ी जिलों में स्कूलों के बंद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। इसका मुख्य कारण इन इलाकों से लगातार हो रहा पलायन और घटती आबादी है। अभी राज्य में 10,940 स्कूल चल रहे हैं। यह बात भी सही है कि इन सालों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिये सरकार ने काफी काम किया है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक इस क्षेत्र में बडा सुधार हुआ है। प्रदेश के कई जनपदों में नये स्कूल कॉलेजों के साथ ही विश्वविद्यालय स्थापित हुए है।

शिक्षा के प्राइवेट सैक्टर में अभूतपूर्व तरक्की हुई है कई शिक्षा संस्थानो ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी बनाई है। उत्तराखण्ड में इस समय शिक्षा को लेकर सरकार की ओर से लगातार काम हो रहा है। बजट में सरकार ने शिक्षा के लिये 13552 करोड का प्रावधान किया है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैंने अपना नाम बिजलदास (पुराना नाम) से बदलकर बिजलदास बागशान (नया नाम) कर लिया है भविष्य में मुझे बिजलदास बागशान पुत्र स्व. श्री गंगादास के नाम से जाना पहचाना जाए।

**पताः-5 बी, विकास लोक लेन नं.-46 अधोईवाला, देहरादून**


# चैत्र संक्रान्ति पर बिखरेगी फूलों की महक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** चैत्र मास की संक्रान्ति के साथ ही उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकपर्व 'फूलदेई' का आगाज होने जा रहा है। इसे लेकर सीमांत क्षेत्रों से लेकर गांव-गांव तक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहाड़ों में बसन्त के आगमन का प्रतीक यह त्योहार बच्चों और ग्रामीणों के लिए विशेष उत्साह लेकर आया है। मान्यता के अनुसार, पर्व के दिन नौनिहाल ब्रह्म बेला (तड़के) में उठकर बुरांस, फ्यूंली, आड़ू और अन्य जंगली फूलों को एकत्रित करेंगे। इसके बाद पारंपरिक लो. कगीतों के साथ बच्चे गांव के प्रत्येक घर की चौखट पर फूल बिखेरकर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। बदले में गृहस्वामियों की ओर से बच्चों को गुड़, चावल और दक्षिणा देकर आशीर्वाद दिया जाता है। सांस्कृतिक दृष्टि से यह पर्व प्रकृति और मानव के गहरे संबंध को दर्शाता है। धार्मिक मान्यता से चौखट पर फूल बिखेरना शुभ माना जाता है, जिससे घर में शांति और खुशहाली आती है। यह त्योहार नई पीढ़ी को वनस्पतियों और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है।



■ लोकपर्व 'फूलदेई' के स्वागत को तैयार उत्तराखंड

### प्रमुख आकर्षणः घोंघा नृत्य और सामूहिक भोज

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** हिमालयन ग्रामीण विकास संस्था के अध्यक्ष डॉ. कैलाश पुष्वाण ने बताया कि फूलदेई में 'घोंघा नृत्य' मुख्य आकर्षण होता है। इस पर्व का समापन घोंघा विसर्जन और सामूहिक भोज के साथ करने की परंपरा सदियों पुरानी है। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण का कहना है कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूती प्रदान करता है।

### साहित्य और संगीत में फूलदेई

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** क्षेत्र की प्रबुद्ध महिलाओं पूर्व प्रधान प्रेमलता पंत, विलोचना रावत और दमयंती भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड के गीतकारों और साहित्यकारों ने इस पर्व का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया है। वर्तमान में कई सामाजिक संगठन घोंघा प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस लोक परंपरा को विशिष्ट पहचान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

## नशा मुक्ति केन्द्र से व्यक्ति लापता

**हल्द्वानी।** शहर के एक नशा मुक्ति केंद्र से एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सचिन वर्मा ने हल्द्वानी कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। जानकारी के पुलिस को दी तहरीर में नई पहचान नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सचिन वर्मा ने पुलिस को बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में राज. कुमार वर्मा नाम का व्यक्ति का वर्ष 2014 की 10 दिसंबर को केंद्र में भर्ती हुआ था। उपचार के बाद उसकी नशे की आदत छूट गई और उसे केंद्र में ही छोटो-मोटा काम दे दिया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक जनपद पौड़ी गढ़वाल।**

पत्रांकः 1120 / सं0 न0पं0स्व0/2026 | दिनांकः 13-03-2026

**संशोधित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या 1102 / निविदा/ मानव संसाधन / 2025-26 दिनांक 05 मार्च 2026 के द्वारा ई निविदा प्रकाशित की गई थी जिसमें निविदा प्रपत्र शुल्क 25000 (पच्चीस हजार रूपये मात्र) की गई थी जिसे संशोधित करते हुए 5000/- (पाँच हजार रूपये मात्र) जी0एस0टी0 अतिरिक्त किया जाता है। इसके अतिरिक्त शेष नियम शर्ते यथावत रहेगी।

(दीपक कुमार शर्मा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत स्वर्गाश्रम-जौंक
जनपद पौड़ी गढ़वाल।


# राष्ट्रीय लोक अदालत में 164 मामलों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ 71 लाख से अधिक की समझौता राशि वसूल

**रुद्रप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। न्यायाधीश सहदेव लसह के मार्गदर्शन में आयोजित इस अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण किया गया।

लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तीन पीठों का गठन किया गया था, जिन्होंने विभिन्न सिविल और फौजदारी मामलों का निपटारा किया पीठ संख्या एक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश सहदेव लसह एवं अधिवद्रा सदस्य विनोद कुमार खण्डूड़ी की पीठ ने पांच वादों का निस्तारण कर ₹12,00,000 की समझौता राशि वसूल की। पीठ संख्या दो में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार एवं अधिवद्रा सदस्य सुशील चन्द्र भट की पीठ ने सर्वाधिक 102 वादों का निस्तारण किया, जिसमें ₹33,92,800 की समझौता राशि तय हुम्र। पीठ संख्या तीन ऊखीमठ में बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में सिविल जज द्धजू.डि.ऋ सन्तोष पच्छिमी एवं अधिवद्रा सदस्य बीरेन्द्र दत्त गोस्वामी की पीठ ने 15 वादों का निस्तारण कर ₹7,35,500 की धनराशि वसूल की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल लसह बताया कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक ;ण से संबंधित 42 मामलों का निपटारा किया गया। इन मामलों में कुल ₹17,99,700 की रिकवरी सुनिश्चित की गम्र। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का निस्तारण न केवल त्वरित होता है, बल्कि इससे दोनों पक्षों के बीच कटुता भी समाप्त होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर, सम्भागीय परिवहन अधिकारी धर्मेन्द्र बिष्ट, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सहायक कमलेश नेगी समेत न्यायालय के अन्य कर्मचारियों और अधिवद्रागणों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**कार्यालय नगर पंचायत लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार।**

पत्रांक- 274/रा0ज0पा0/ न0पं0ल0/2025-26 | दिनांकः 13 मार्च 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत लण्ढौरा द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय व अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लण्ढौरा की स्वीकृति उपरान्त नगर पंचायत लण्ढौरा में रजत जयन्ती पार्क का निर्माण कार्य किये जाने हेतु वांछित विशेषताओं/ उल्लेखित शर्तों को पूरा करते हुए ई-निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु सिंगल-बिड (तकनीकी व वित्तीय) के रूप में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में समस्त शर्तें एवं सूचना http/www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में अवकाश को छोड़कर निकाय कार्यालय प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| S.No. | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 13/03/2026 | 16:00 |
| 2 | Document Download Start Date | 13/03/2026 | 17:00 |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 18/03/2026 | 09:00 |
| 4 | Pre bid Meeting Office Nagar Panchayat Landhaura | 20/03/2026 | 13:00 |
| 5 | Online bid Submission End Date | 27/03/2026 | 12:00 |
| 6 | Offline Submission of Hard/Original Copy of document End date | 27/03/2026 | 12:00 |
| 7 | Bid Opening Date | 27/03/2026 | 13:00 |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी www.uktenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है तथा तिथियों व निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मात्र www.uktenders.gov.in पर प्रेषित किया जायेगा। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष नगर पंचायत लण्ढौरा के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लण्ढौरा जनपद हरिद्वार। | अध्यक्ष, नगर पंचायत लण्ढौरा जनपद हरिद्वार।

### संक्षिप्त खेला समाचार

## आर्यना सबालेंका व रायबाकिना में होगा खिताबी मैच

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना रविवार को इंडियन वेल्स में चार महीने से ज्यादा समय में तीसरी बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। बीबीसी स्पोर्ट के मुताबिक, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से आसानी से हराया, जबकि रायबाकिना ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैं यहां कुछ फाइनल हार चुकी हूं, इसलिए मैं पक्का करूंगी कि रविवार को मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और यह साल इसी के लिए है। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी रायबाकिना ने फाइनल में अपने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, सबसे हाल ही में नवम्बर में डब्ल्यूटीए फाइनल और जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैं जितना हो सके उतना लड़ने जा रही हूं।

## नोएडा में एसआरसीए चेस कार्निवल का आयोजन

**नोएडा, वार्ता।** शतरंज प्रेमियों और उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न आयु वर्ग में रविवार को एसआरसीए चेस कार्निवल आयोजन किया जाएगा। कैंडर टेकस्पेस नोएडा सेक्टर 62 स्थित बिज सेंट्रल में रियल एस्टेट कंपनी ब्रूकफील्ड प्रॉपर्टीज द्वारा इस एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में रैपिड (25 5) और ब्लिट्ज (3 2) प्रारुप में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और ओपन श्रेणियां शामिल है।

प्रतियोगिता के लिए अब तक 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

# द्रविड़, बिन्नी व मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार







**● बीसीसीआई ने 'नमन पुरस्कारों' की घोषणा की, इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट मे उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट में बेहतरीन योगदान देने वाले रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को रविवार को 'नमन पुरस्कारों' के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआईआई ने आज 'नमन पुरस्कारों' की घोषणा की। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा। बिन्नी ने 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वे 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट के भविष्य को बदलने वाला साबित हुआ था। वे 1985 में 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट' जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। बाद में उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के कोच के तौर पर भी काम किया, जिसने साल 2000 में विश्व कप जीता था। इसके बाद वे राष्ट्रीय पुरुष टीम के चयनकर्ता भी बने। उन्होंने बीसीसीआई के अध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। द्रविड़ ने अपने शानदार करियर में कुल 509 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 हजार से अधिक रन बनाए और 400 से अधिक कैच लपके। उनकी कप्तानी में भारत ने साल 2007 में इंग्लैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी। बाद में उन्होंने पुरुष अंडर-19 टीम, 'इंडिया ए' और राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच के तौर पर भी काम किया। राष्ट्रीय पुरुष टीम ने साल 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था। मिताली राज ने भारत के लिए सभी प्रारुपों में कुल 333 मैच खेले हैं। वे दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने 10 हजार से अधिक रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम दो बार विश्वकप के फाइनल तक पहुंची थी। इस दौरान भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान मिलेगा।

विजेताओं की पूरी सूची इस प्रकार है :-

पॉली उमरीगर अवॉर्ड: 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) शुभमन गिल। 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) मंधाना। वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक विकेट 2024-25 (महिला) दीप्ति वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी 2024-25 (महिला) मंधाना। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (महिला) एन श्री चरणी। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) हर्षित। 2024-25 के बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन। 2023-24 में घरेलू क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ अंपायर - उल्हास गांधे। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - हर्ष (विदर्भ)। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - सुचित जे (नागालैंड)। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यश राठौड़ (विदर्भ)। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड: 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - स्नेहल कौथंकर (गोवा)। घरेलू सीमित ओवर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - आयुष म्हात्रे (मुंबई)।

रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - हर्ष दुबे (विदर्भ)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (जूनियर डोमेस्टिक) - इरा जाधव (मुंबई)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (सीनियर डोमेस्टिक) (सीनियर महिला वनडे) - शैफाली वर्मा। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर 16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यशबर्धन सिंह चौहान आदि।

# केकेआर से आईपीएल अनुंबध मिलने के बाद मुजारबानी ने पीसीएल छोड़ा

**● विंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज के बाद केकेआर ने ब्लेसिग मुजारबानी को जोड़ लिया**



**कोलकाता, वार्ता।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिग मुजारबानी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का अनुबंध मिल गया है और वह अब पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए नहीं खेलेंगे। मुजारबानी ने इस बारे में यूनाइटेड को जानकारी दे दी है।

पिछले साल दिसम्बर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा था, जिन्हें उन्होंने नीलामी में 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा था।

केकेआर ने मुजारबानी को अपने साथ जोड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं मुस्तफिजुर को लाहौर कलंदर्स ने 26 मार्च से शुरू हो रहे आगामी पीसीएल सीजन के लिए अपने साथ जोड़ लिया है। मुजारबानी मुल्तान सुल्तांस के लिए खेलते हुए पीएसएल का खिताब जीत चुके हैं लेकिन 11 फरवरी को हुई पीएसएल के लिए नीलामी के दौरान उन्हें खरीदार नहीं मिला था।

हालांकि बाद में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज किए जाने के बाद यूनाइटेड ने डायरेक्ट साइनिग के रूप में मुजारबानी को अपने साथ जोड़ लिया था।

# सात्विक-चिराग ने नाम वापस लिया

**● स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त**



**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** चोटिल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के पुरुष युगल मैच से नाम वापस लेने और तरुण मन्नेपल्ली के एकल मुकाबले में हार के साथ स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। पुरुष युगल की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने बेसल में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट से शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। डेनमार्क के क्रिश्चियन कजायर और रासमस कजायर के खिलाफ मैच से पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने कंधे में दर्द की शिकायत के बाद यह फैसला लिया। इससे पहले गुरुवार को, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने तीन गेम के एक रोमांचक और लंबे मैच में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता को 21-15, 15-21, 28-26 से हराया था। यह मैच एक घंटा 14 मिनट तक चला था। उसी दिन बाद में, बैडमिंटन रैंकिंग में 43वें स्थान पर मौजूद तरुण मन्नेपल्ली, टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया के एंथनी गिटिग से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गए। यह मैच एक घंटा छह मिनट तक चला था। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने धीमी शुरुआत की और पहले गेम के बीच में 11-7 से पीछे चल रहे थे। ब्रेक के बाद, उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया, लेकिन फिर गिटिग ने लगातार चार पॉइंट बनाकर 16-12 की बढ़त बना ली और आखिर में भारतीय खिलाड़ी की देर से की गई कोशिश के बावजूद गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने जोरदार खेल दिखाया और 19-13 की बड़ी बढ़त बना ली। गिटिग ने लगातार छह पॉइंट बनाकर स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक ले गए। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। गिटिग ने शुरुआत में ही मैच पर पकड़ बना ली और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली, इसके बाद उन्होंने मन्नेपल्ली को किसी भी मौके पर स्कोर बराबर करने का मौका नहीं दिया।

# क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने वैष्णव माता मंदिर में की पूजा



**अभिषेक शर्मा ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी का अशीर्वाद लिया**

**जम्मू, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सफेद कुर्ता-पायजामा पहने हुए थे। वह शुक्रवार को मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने के लिए भवन पहुंचे। युवा बल्लेबाज ने मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया और देश की खुशहाली एवं टीम की आगे की सफलता के लिए प्रार्थना की। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें इस क्रिकेटर को पैदल यात्रा करते हुए, बैटरी कार की सवारी करते हुए और गुफा मंदिर के रास्ते में अन्य श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए देखा गया।

# ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत : खडसे



**कहा : स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरण देने वाली**

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने शुक्रवार को यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत पर अपने दमदार और सोचने पर मजबूर करने वाले भाषण में कहा कि नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को उसकी सही जगह और पहचान देने और ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा होस्ट किया गया चार दिन का कन्वेंशन शुक्रवार को शुरू हुआ, जो दो दशक से ज्यादा समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रतिष्ठित सभा की वापसी को दिखाता है। मौजूद खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए, श्रीमती खडसे ने कहा कि स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरणा देने वाली है।

जमीनी लेवल पर टैलेंट को बढ़ावा देने की जरूरत है। अपने काम से, आप स्पोर्ट्स को नई एनर्जी दे रहे हैं। जिस तरह से आप स्पोर्ट्स को कवर करते हैं, उससे लोगों को यह समझने में मदद मिलती है कि वे स्पोर्ट्स में कैसे आगे बढ़ सकते हैं और युवा पीढ़ी को इसमें हिस्सा लेने के लिए कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। श्रीमती खडसे ने नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को जगह देने की जरूरत पर जोर दिया, साथ ही सरकारी पहलों, स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्पोर्ट्स साइंस जैसे उभरते हुए फील्ड्स में करियर के रास्ते खोलने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि डेमोक्रेसी के चौथे पिलर के तौर पर जर्नलिज्म, समाज की भलाई को आगे बढ़ाने में जरूरी है, और स्पोर्ट्स मीडिया भारत की सॉफ्ट पावर को दुनिया भर में दिखाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने इस फील्ड में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी की भी अपील की।

श्रीमती खडसे के अलावा, कन्वेंशन की ओपनिग सेरेमनी में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी हरि रंजन राव और स्पोर्ट्स जर्नलिज्म से जुड़े सीनियर सदस्य शामिल हुए। सेरेमनी की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप जलाने से हुई, जिसके बाद कन्वेंशन में खास लोगों और योगदान देने वालों को सम्मानित करने के लिए कई सम्मान समारोह हुए। डीएसजेए प्रेसिडेंट अभिषेक त्रिपाठी ने श्रीमती खडसे को सम्मानित किया, जबकि डीएसजेए सेक्रेटरी सबी हुसैन ने रंजन राव को सम्मानित किया। एसजेएफआई लीडरशिप - प्रेसिडेंट सरजू चक्रवर्ती और सेक्रेटरी वी रमेश-ने भी मुख्य मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बदले में, खडसे ने एसजेएफआई प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया, और फिर एसजेएफआई लीडरशिप के साथ मिलकर देश भर के जुड़े हुए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया। सेरेमनी के दौरान जिदल स्टील की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस की एजीएम श्रीमती नवनीता दास को भी लोकसभा सांसद नवीन जिदल की ओर से सम्मानित किया गया। शाम की एक खास बात जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी और एसी बाली टेबल टेनिस ट्रॉफी का अनावरण था, जिससे कन्वेंशन के कॉम्पिटिटिव स्पोर्टिंग सेगमेंट की फॉर्मल शुरुआत हुई। जेके बोस इंटर-जोनल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का ड्रॉ भी निकाला गया। आखिरी भाषण देते हुए, डीएसजेए के प्रेसिडेंट त्रिपाठी ने डेलीगेट्स और खास लोगों का स्वागत किया और कहा कि जब हमें दिल्ली में एसजेएफआई कन्वेंशन बुलाने के लिए कहा गया, तो हम सोचते रहे कि 23 साल बाद इसे कैसे किया जाए और सभी को एक साथ कैसे लाया जाए। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री से मिले सपोर्ट ने हमें कई मुश्किलों को पार करने और आगे बढ़ने में मदद की।

## केके आर ने किया बैंगनी व चमकीले सुनहरे डिजाइन वाली जर्सी का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले लाइंस ऑफ लीगेसी 'विरासत की लकीर' की थीम पर डिजाइन की गई नई जर्सी का अनावरण किया है।

इस डिजाइन के केंद्र में वे निर्णायक पल हैं जिन्होंने पिछले कुछ सालों में केकेआर के सफर को आकार दिया है। 2008 की उस यादगार शुरुआती रात से लेकर, जब ब्रेंडन मैकुलम ने नाबाद 158 रन बनाए थे और रिकू सिंह के आखिरी ओवर में लगाए गए पांच छक्कों तक, केकेआर ने ऐसे कई पल दिए हैं जो आईपीएल के इतिहास का हिस्सा बन गए हैं।

जर्सी के अनावरण पर वेंकी मैसूर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स ने कहा कि लाइंस ऑफ लीगेसी केकेआर के गौरवशाली इतिहास के सार को समेटे हुए है और पिछले कुछ सालों में टीम के सफर का जश्न मनाती है। हर लकीर शानदार प्रदर्शन के एक अहम पल को दर्शाती है, जो उस ऊर्जा और भावना को दिखाती है जो मिलकर हमारी पहचान बनाती है। हमें इस विरासत पर गर्व है जिसे हमने बनाया है और हम इसे आने वाले सीजन में भी आगे ले जाना चाहते हैं, साथ ही अपने प्रशंसकों के लिए और भी यादगार पल बनाना चाहते हैं।

# भारत, इंग्लैंड ने महिला हॉकी वर्ल्ड कप का टिकट बुक किया



**● भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को हराया, जबकि इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को हराया**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड ने शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया, जिससे टूर्नामेंट की दो अजेय टीमों के बीच खिताबी मुकाबला तय हो गया। इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया, जबकि भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर इस ग्लोबल शोपीस का टिकट बुक किया। दिन के दो क्लासिफिकेशन मैचों में वेल्स ने जबरदस्त वापसी करते हुए कोरिया को 2-1 से हराया और 5वें-6वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया, जबकि उरुग्वे ने ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जबरदस्त जीत दर्ज करके उनका साथ दिया। हारे हुए सेमीफाइनलिस्ट स्कॉटलैंड और इटली अब तीसरे स्थान के लिए लड़ेंगे, जिससे वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन भी पक्का हो जाएगा।

**भारत 1-0 इटली ( दूसरा सेमीफाइनल )**

भारत ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में इटली पर 1-0 से जीत के साथ वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट बुक की, जिससे इंग्लैंड के साथ टाइटल क्लैश तय हो गया। दोनों टीमें फाइनल तक पहुंचने के अपने रास्ते में बिना हारे रही हैं। भारत की 22 सर्कल एंट्री, नौ पेनल्टी कॉर्नर और टारगेट पर आठ शॉट से सिर्फ एक गोल हुआ, लेकिन आखिर में यही अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ। भारतीय बैकलाइन ने कमजोर बढ़त को बचाने के लिए पूरी जान लगा दी, जबकि इटली की टीम ने काफी खतरा पैदा किया, लेकिन आखिर में कुछ खास नहीं कर पाई। गेम का इकलौता और सबसे जरूरी गोल 40वें मिनट में हुआ, जब मनीषा चौहान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके इंडिया को आगे कर दिया। इटली आखिरी मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी करने के करीब थी, लेकिन इंडिया की गोलकीपर बिचू देवी खतरे को भांप चुकी थीं। इटली के इस हार के बाद वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के चांस अब तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ में स्कॉटलैंड पर जीत पर निर्भर हैं। इंडिया की डिफेंडर और 'प्लेयर ऑफ द मैच' सुशीला चानू ने कहा कि यह अवॉर्ड टीम के लिए है।हमने एक टीम के तौर पर, डिफेंस में भी अच्छा खेला। इटली ने भी अच्छा खेला। अब हम अपने (गेम ऑन) वीडियो को एनालाइज करेंगे और देखेंगे कि फाइनल से पहले हमें किन एरिया में सुधार करने की जरूरत है। इंग्लैंड 2- स्कॉटलैंड 0 (पहला सेमीफाइनल) इंग्लैंड ने पहले सेमी-फाइनल में पड़ोसी स्कॉटलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल में एंट्री करके हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली।

इंग्लैंड अपनी लगातार चौथी जीत से जरूर खुश होगा, लेकिन जितने मौके उसने गंवाए, उससे नहीं। उनके अटैकिंग इरादे स्टैटिस्टिक्स में दिखे, क्योंकि उन्होंने 26 सर्कल पेनिट्रेशन किए, लेकिन चार सेट-पीस में पेनल्टी कॉर्नर पर उनका सक्सेस रेट जीरो था। स्कॉटलैंड भी पेनल्टी कॉर्नर पर टारगेट पर नहीं था - छह को. शिशों में स्कोर नहीं कर पाया। 24 मिनट में कई बार स्कोर करने के करीब आने के बाद, इंग्लिश टीम ने अगले ही मिनट में टारगेट पाया जब लोटी बिगहैम ने सर्कल एंट्री को फाॅनिशिंग टच दिया।

# ऋषभ के तूफानी शतक से उत्तर क्षेत्र जीता

**● ऋषभ सिंह के नाबाद 102 रन के तूफानी शतक की बदौलत एकतरफा अंदाज में पश्चिम क्षेत्र को रौंदा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज ऋषभ सिंह (नाबाद 102) के तूफानी शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को जेके बोस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में शनिवार को रोशनारा क्लब मैदान में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से रौंद दिया।

पश्चिम क्षेत्र की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-2 ओवरों में 133 रन पर सिमट गई। कप्तान संजू साम्याल ने सर्वाधिक 30 रन और तौस रिजवी ने 24 रन बनाए। उत्तर क्षेत्र की तरफ से विनय ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि शिवम दुबे और ललित कालीदास को दो-दो विकेट मिले। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर क्षेत्र ने 11-1 ओवर में एक विकेट पर 137 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। उत्तर क्षेत्र ने तूफानी शुरुआत करते हुए चार ओवर में ही 50 रन ठोक डाले। उत्तर क्षेत्र के 100 रन 7.4 ओवरों में पूरे हुए। ऋषभ ने मात्र 43 गेंदों पर 18 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 102 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आकाश रावल ने 25 गेंदों पर 29 रन बनाए। दिन के एक अन्य मैच में दक्षिण क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र को आठ विकेट से हरा दिया। पूर्व क्षेत्र की टीम 12-1 ओवर में मात्र 49 रन पर लुढक गई, जबकि दक्षिण क्षेत्र ने 4-4 ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

## ऑस्ट्रिया ने शूटआउट में दक्षिण कोरिया को हराकर सातवां स्थान हासिल किया

**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रिया ने शनिवार को एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 में दक्षिण कोरिया को शूटआउट में हराकर सातवां स्थान हासिल किया।

यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबॉवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में ऑस्ट्रिया ने सातवें और आठवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-1 से ड्रा के बाद शूटआउट में (2-1) से जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रिया के लिए क्रिस्टीन वुकोविच ने (तीसरे) मिनट में गोल किया, जबकि कप्तान ली यूरी ने (31वें) मिनट में दक्षिण कोरिया को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में दोनों गोलकीपरों का प्रदर्शन असाधारण रहा, लेकिन यह माइकला स्ट्रेब थीं जिन्होंने ऑस्ट्रिया की जीत सुनिश्चित की, और कार्ला केम्पर ने अपनी टीम के लिए विजई गोल किया।

# ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप

## ट्रम्प के बमबारी का दावा करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बना द्वीप



■ ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर बमबारी का दावा करने के बाद यह द्वीप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बन गया है।

ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है। फारस की खाड़ी के उत्तरी भाग में ईरान के दक्षिणी तट के पास बुशेहर के निकट स्थित खार्ग द्वीप ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केन्द्र के रूप में अत्यंत रणनीतिक महत्व रखता है। इसे देश की आर्थिक तथा सैन्य शक्ति का अहम आधार माना जाता है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार यह द्वीप वैश्विक बाजारों में ईरान के कच्चे तेल के निर्यात का मुख्य द्वार है। विभिन्न तटीय और समुद्री तेल क्षेत्रों से पाइपलाइनों के माध्यम से कच्चा तेल यहां स्थित भंडारण टर्मिनलों तक लाया जाता है और वहां से बड़े तेल टैंकरों के जरिए निर्यात किया जाता है। यहां अबूजर, फरोजान और दुरूद जैसे प्रमुख समुद्री तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। द्वीप की गहरे पानी की सुविधाएं बड़े तेल टैंकरों को संभालने में सक्षम हैं, जिसके कारण यह ईरान के तट पर उन कुछ स्थानों में से एक है जहां से बड़े पैमाने पर तेल निर्यात संभव है। तेल निर्यात के कारण यह द्वीप सैन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे मिलने वाला राजस्व ईरान की रक्षा व्यवस्था और सुरक्षा संस्थानों के लिए प्रमुख वित्तीयु ोत माना जाता है। इसी कारण ईरान ने यहां मजबूत सैन्य और सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित कर रखी हैं। यह द्वीप पहले भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान हमलों का निशाना बन चुका है, जब खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा प्रतिष्ठान संघर्ष के दौरान प्रमुख लक्ष्य बन गए थे। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि उनके निर्देश पर अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य लक्ष्यों पर क्षेत्र के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक को अंजाम दिया और वहां के सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बलों ने जानबूझकर द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना निर्णय बदल सकता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान किसी भी ऐसे लक्ष्य की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, जिसे अमेरिका निशाना बनाना चाहे और यह भी कहा कि ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा।

# एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला कोई हताहत नहीं

**एम्सटर्डम/हेग।** नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को 'भयानक' बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण करार दिया है।



जम्मू। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मामले दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे लोग।

# तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस को मिलेगा अवसर: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** ईरान संकट के बीच रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने नेविगेटर प्रिसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के डायरेक्टर काइल शोस्टैक के हवाले से यह जानकारी दी। शोस्टैक ने कहा कि रूस के प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख एवं विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रीव ने 11 मार्च को मियामी में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा बाजार में चल रहे संकट पर चर्चा करना था।

# अमेरिका में भी आएगा एसआईआर जैसा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रम्प प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह हैसेव कानून ('सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट')। इस कानून के तहत अमेरिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रम्प अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा।

# ईरान ने दी ट्रम्प को खुली चेतावनी

## अगर अमेरिका मोजतबा खामेनेई को निशाना बनाता है, तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा: जलाली



■ युद्धपोत आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा: ईरान सेना प्रमुख

**मास्को/तेहरान।** रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इजरायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा कि आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं। लोग गुस्से में हैं और इस रक्तपात का बदला लेने की मांग कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से अमेरिकियों को अतीत में भी गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है और भविष्य में भी करना पड़ेगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसका जवाब देते हुए इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया है कि उनका यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम से होने वाले संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिए जरूरी था, लेकिन जल्द ही उन्होंने कहा कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। सैन्य अभियान के पहले ही दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इस्लामिक गणराज्य ने 40 दिनों के शोक की घोषणा की। आठ मार्च को खामेनेई के पुत्र मोजतबा को (जो अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं) उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं ईरान की सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातामी ने चेतावनी दी है कि हिंद महासागर में सैन्य अभ्यास से लौटते समय, देश के सबसे नए युद्धपोतों में से एक आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामी गणराज्य समाचार एजेंसी (इरना) के अनुसार, उन्होंने कहा कि डेना के चालक दल ने एक शांतिपूर्ण मिशन पूरा किया था और ईरान लौटते समय उन्हें निशाना बनाया गया। इन नाविकों पर हमला तब किया गया, जब वे किसी सीधी लड़ाई में शामिल नहीं थे। हातामी ने कहा कि डेना का नाम और उसके चालक दल का बलिदान ईरान के नौसैनिक इतिहास में साहस और समर्पण का प्रतीक बना रहेगा। सेना ईरान की समुद्री सीमाओं की रक्षा करेगी और अपनी नौसैनिक शक्ति को और भी अधिक दृढ़ता के साथ मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने चार मार्च को हिन्द महासागर में आईरिस डेना को टोरपीडो से हमला करके डुबो दिया था। श्रीलंका की नौसेना ने इस पोत पर सवार ईरानी नौसैनिकों की अपील के बाद बचाव अभियान में 32 लोगों की जान बचाई। इस हमले में 84 नौसैनिकों को जान गंवानी पड़ी थी।

## ईरानी विदेश मंत्री ने कसा ट्रम्प पर तीखा तंज

■ कहा: पहले रोका और अब पूरी दुनिया से रूस से तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को रूसी तेल पर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए दावा किया कि वाशिंगटन अब दुनिया भर के देशों से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था।

एक्स पर साझा एक पोस्ट में, अराघची ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से तेल आयात बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देश बदले में रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। अराघची ने कहा कि यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत ही दयनीय है। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के झंडे वाले दो लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वाहक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहा एक कच्चा तेल टैंकर शनिवार को भारत पहुंचने की उम्मीद है, जो 1 मार्च के आसपास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा था। इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा।

# ईरान ने अपने खतरनाक मिसाइल शाहेद की दिखाई झलक



■ आत्मघाती ड्रोन्स से ईरान ने बनाई होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना

**तेहरान।** ईरान की सेना ने गुरुवार को अपने आत्मघाती ड्रोन्स के बेड़े की झलक दिखाई, जिनके दम पर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना बना रहा है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक भूमिगत परिसर के अंदर फिल्माए गए फुटेज जारी किए। इस भूमिगत परिसर को ईरानी अधिकारी मिसाइल शहर बता रहे हैं।

ईरान ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें बड़ी संख्या में नौसैनिक ड्रोन, जहाज रोधी मिसाइलें दिखाई दे रही हैं। अतिरिक्त फुटेज में कुछ हथियारों को दागते हुए भी दिखाया गया है। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये रिकार्डिंग कब की है। वीडियो में दिख रहा है कि भूमिगत सुरंग में नौसेना के ड्रोन, जिन्हें यूएसवी भी कहा जाता है, बड़ी संख्या में हैं। गौरतलब है कि ये ड्रोन पहले से ही फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले कर रहे हैं, जिससे होर्मुज में रणनीतिक रूप से अहम शिपिंग मार्ग आंशिक रूप से बाधित चल रहा है। ये छोटे यान पानी की सतह पर या पानी के नीचे चलते हैं। ये विस्फोटक से भरे होते हैं और तेल टैंकरों से टकराते ही फट जाते हैं। 1 मार्च को ओमान के तट के पास एक कच्चे तेल के टैंकर को ऐसे ही ड्रोन्स की मदद से निशाना बनाया गया था। इस हमले में तेल टैंकर में विस्फोट के साथ आग लग गई थी और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई थी। इसी तरह कई अन्य जहाजों पर हमले के लिए भी ईरान ने इन्हीं ड्रोन का इस्तेमाल किया है। ईरान के कामीकेज ड्रोन्स, जिन्हें आत्मघाती ड्रोन्स या शाहेद ड्रोन्स भी कहा जाता है। ये कितने खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये ड्रोन 2000 किलोमीटर दूरी तक विस्फोटक ले जाने में सक्षम हैं। एक ड्रोन आसानी से 40-50 किलो विस्फोटक ले जा सकता है। ये ड्रोन 180-200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इन ड्रोन की लागत भी बेहद कम है और ये कुछ लाख रुपये में तैयार हो सकते हैं। इन ड्रोन्स की मदद से ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल टैंकरों को आसानी से निशाना बना सकता है।

# लेबनान में अस्पताल पर इजरायली हमला

■ 12 चिकित्सा कर्मियों की मौत, मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल
■ इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया

**बेरूत।** लेबनान के एक अस्पताल में हुए इजरायली हमले में डाक्टरों, नर्सों सहित 12 लोगों की मौत हो गई है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दक्षिण लेबनान के बित जबेल जिले के बुर्ज कलौइया गांव में एक स्वास्थ्य केंद्र पर इजरायली हमले को अंजाम दिया गया। मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल हैं।

मंत्रालय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया है। इससे कुछ ही घंटे पहले सुआनेह गांव में एक अन्य अस्पताल को भी निशाना बनाया गया था, जिसमें दो कर्मियों की मौत हो गई थी। लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि वह इजरायल के साथ लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। उसने यह भी कहा है कि यह उसके वजूद बचाने की भी जंग है। वहीं, इजरायली अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर हिजबुल्लाह अपनी गतिविधियों को नहीं रोकता है, तो लेबनान के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को और अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया जाएगा। सैन्य मोर्चे पर, इजरायली सेना ने कल लिटानी नदी पर बने एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया। इजरायल का दावा है कि हिजबुल्लाह इस पुल का उपयोग हथियारों और लड़ाकों की आवाजाही के लिए कर रहा था। इजरायल का दावा है कि यह पुल हिजबुल्लाह के लिए उत्तर से दक्षिण की ओर हथियारों और लड़ाकों को भेजने का मुख्य मार्ग था। इस पुल के टूटने से टायर, बित जबेल और नबातिएह जैसे प्रमुख शहरों का संपर्क कट गया है। हवाई हमलों का सिलसिला राजधानी बेरूत तक पहुंच गया है। इजरायली विमानों ने बेरूत के घनी आबादी वाले उत्तरी उपनगर 'बुर्ज हम्मूद' में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसके अलावा, दक्षिणी तटीय शहर सिडोन के 'हारेत सैदा' इलाके में भी एक रिहायशी इमारत पर हमला हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। गौरतलब है कि शुक्रवार तक लेबनान में इस जंग के कारण 773 लोगों की मौत हो चुकी है और मरने वालों में 103 बच्चे शामिल हैं।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर की दिशा में दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर (जापान सागर) की दिशा में लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की संयुक्त सेना प्रमुख समिति ने यह जानकारी दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, समिति ने बताया कि मिसाइलों का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया के सुनान क्षेत्र से किया गया। यह इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण है। दक्षिण कोरिया और जापान ने इस परीक्षण की पुष्टि की है, जो क्षेत्र में सैन्य तनाव को बढ़ाता है। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने इस हरकत को भड़काऊ बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

# पाकिस्तान पर अफगानिस्तान का पलटवार

## कुनार-नंगरहार प्रांत में मारे गए 14 पाक सैनिक



■ यह कार्रवाई पाक की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र डूरंड लाइन पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने पाकिस्तान की सैन्य चौकियों पर कार्रवाई की, जिसमें कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कुछ घायल हुए। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है।

अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अफगान सेना ने पूर्वी क्षेत्र के कुनार और नंगरहार प्रांतों में डयूरंड लाइन के पास सैन्य ऑपरेशन चलाया। मंत्रालय का कहना है कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान के 14 सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए। इसके अलावा एक बख्तरबंद टैंक और एक सैन्य वाहन भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किया गया। अफगानिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसकी वायुसेना ने पाकिस्तान के एक रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा पर हवाई हमला किया। यह हमला रिजेक्ट आप्रेशन नाम के जवाबी अभियान के तहत किया गया बताया गया है। अफगान सरकार का कहना है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से हमले बंद नहीं होते, तब तक उनकी जवाबी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पहले पाकिस्तान की वायुसेना ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर हवाई हमले किए थे। अफगान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। अफगान एयरलाइन काम एयर के अधिकारियों ने बताया कि कंधार हवाई अड्डे पर रखा गया ईंधन भंडार भी पाकिस्तानी हवाई हमले में प्रभावित हुआ। यह ईंधन इस साल की हज उड़ानों के लिए रखा गया था, जिससे अब उड़ानों पर असर पड़ने की आशंका है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि जिस ईंधन भंडार पर हमला हुआ, उससे घरेलू एयरलाइनों और संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन मिलता था। संयुक्त राष्ट्र की अफगानिस्तान सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने भी हालिया हमलों को लेकर चिंता जताई है।

# कांशीराम और बहुजन आंदोलन...



डॉ. उदित राज



**कांशीराम** का जन्म 15 मार्च 1934 को रोपड़ जिले के खवासपुर गांव में एक साधारण दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम हरि सिंह और माता का नाम बिशन कौर था। ये एक दलित रामदासिया सिख परिवार से थे। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त करने के बाद उन्होंने विज्ञान विषय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक सहायक के रूप में नौकरी की। कांशीराम उस समय पुणे में स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला में कार्यरत थे। वहां एक दिन कार्यालय में छुट्टियों की सूची से अंबेडकर जयंती की छुट्टी हटा दी गई थी और उसकी जगह किसी अन्य धार्मिक पर्व की छुट्टी रख दी गई थी। जब एक दलित कर्मचारी, दीना भाना, ने इसका विरोध किया और कहा कि डा अम्बेडकर दलितों के आदर्श और संविधान के निर्माता हैं, इस लिए उनकी जयंती की छुट्टी रहनी चाहिए, तो प्रबंधन ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे अनुशासनहीनता के आरोप में दंडित कर दिया। यह घटना कांशीराम को बहुत गहराई से झकझोर गई। उन्हें महसूस हुआ कि जिस व्यक्ति ने भारत का संविधान बनाया, उसी के अनुयायियों और समाज के साथ आज भी भेदभाव किया जा रहा है नौकरी के दौरान उन्हें समाज में मौजूद जातिगत भेदभाव और असमानता को करीब से देखने का अवसर मिला। यही अनुभव आगे चलकर उनके जीवन की दिशा बदलने का कारण बना। 1960 के दशक में उन्होंने यह निश्चय किया कि वे अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और सामाजिक आंदोलन शुरू किया। उनका मानना था कि जब तक दलित और पिछड़े वर्ग राजनीतिक रूप से संगठित नहीं होंगे, तब तक उन्हें अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा। कांशीराम ने सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों को संगठित करने का प्रयास किया। 1978 में उन्होंने बामसेफ की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक कर्मचारियों को सामाजिक जागरूकता के लिए तैयार करना था।


इसके बाद उन्होंने 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (डीएस-4) की स्थापना की। इसका नारा था। ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया छोड़, बाकी सब हैं डीएस-4 इस संगठन का उद्देश्य दलितों और पिछड़ों को सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार करना था। कांशीराम का सबसे बड़ा योगदान 1984 में बीएसपी बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की स्थापना किया। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों को राजनीतिक शक्ति दिलाना था। कांशीराम का प्रसिद्ध नारा था-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। उन्होंने बहुजन समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए पूरे देश में यात्रा की और लोगों को संगठित किया। उनकी मेहनत का परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे बीएसपी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी। उन्होंने मायावती को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी। मायावती आगे चलकर उ।प्र। की चार बार मुख्यमंत्री बनीं। कांशीराम का मानना था कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम राजनीतिक शक्ति है। वे कहते थे कि जब तक बहुजन समाज के लोग सत्ता में भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन नहीं आएगा। उन्होंने देशभर में हजारों सभाएं कीं, यात्राएं निकालीं और लोगों को संगठित किया। उनके प्रयासों से लाखों लोगों में राजनीतिक चेतना आई। उनके आंदोलन ने भारतीय राजनीति में एक नया सामाजिक समीकरण स्थापित किया, जिसे 'बहुजन राजनीति' के रूप में जाना जाता है। मलेशिया की राजधानी कौलालम्पुर में विश्व दलित सम्मेलन का आयोजन 1998 में हुआ, जिसमें कांशीराम जी, रामविलास पासवान जी, फूलन देवी जी सहित अन्य लोग भारत से आमंत्रित किए गए थे और मैं भी पहुंचा। दक्षिण भारत से गए दलितों की अच्छी संख्या वहां पर अतीत में जाकर बस गई थी और पंजामूर्ति वहां के सांसद थे और उन्हीं की अगुवाई में सम्मेलन आयोजित किया गया था। कांशीराम जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि भारत में सभी बहुजन जातियों का इतना संगठन खड़ा करेंगें कि सवर्ण चिल्लाने लगेंगे। मैं चौका कि ए तो जातियों का संगठन खड़ा करने की बात कर रहें हैं जबकि डा अंबेडकर जाति विहीन समाज बनाना चाहते थे। 2001 में अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ द्वारा दस लाख दलितों को बौद्ध बनाने की घोषणा किया तो दलितों में एक बड़ा विमर्श पैदा हो गया। भोपाल में कांशीराम जी से कुछ लोगों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि वे करोड़ों लोगों के साथ दीक्षा लेंगे। इसका असर पड़ा कि कुछ लोग इस बड़ी घोषणा के कारण नहीं शामिल हुए। 1996 में कुछ महीनों के लिए मैं उनके बड़े करीब था और यह कैसे हुआ, पता न चला। उस समय मायावती जी उप्र की सीएम थीं और दिल्ली के हुमायूं रोड स्थित आवास पर कांशीराम जी रहते थे और मैं अक्सर चला जाता था और कभी नहीं जा पाते थे तो वे बुला लेते थे।

एक दिन उनके सचिव गौतम ने कहा कि बहन जी को खबर लग गई है कि मैं साहब के बहुत करीब हो गया हूं। वो बताते थे कि मायावती जी नियमित रूप से खबर लेती थीं कि कौन आता जाता था। उनकी बहन मुन्नी भी ताक-झांक करती रहती थीं। गौतम ने मुझे बताया कि आप की खबर बहन जी तक पहुंच गई है, अत: बच के रहें। इस तरह से अचानक मैं आना-जाना बंद कर दिया और जब कभी उसके बाद मिले भी तो पूछा क्यों नहीं मिलते, जवाब क्या देना था। उस समय तक यह बात सबकी समझ में आ गई थी कि कोई कितना करीब कांशीराम जी के हो, अगर मायावती की नजर में चढ़ गया तो कोई बचा नहीं सकता। बिना संदेह कांशीराम जी का समाज की राजनीतिक जागृति करने में योगदान रहा है लेकिन कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं। फ्री शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के कारण दलितों में मध्यम वर्ग पैदा हुआ और वही कांशीराम जी के साथ सबसे पहले तन-मन-धन से खड़ा हुआ। कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं जैसे उनकी आक्रामकता कांग्रेस के खिलाफ रही लेकिन आरएसएस पर कभी कुछ नहीं बोला। चमचा युग में कांग्रेस के सबसे बड़े दलित नेता जगजीवन राम जी को इतना बदनाम किया कि लोग उनसे घृणा करने लगे और मजे की बात रही कि कांग्रेस ने अनसुना किया जिसका परिणाम भुगतना पड़ा। कांग्रेस बनाम अम्बेडकर नैरेटिव के कारण दलित कांग्रेस से दूर जाता रहा और कांग्रेस चुप रही और परिणामस्वरूप उत्तर भारत में जनाधार खो गई।

**(लेखक पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष, दलित, ओबीसी, मॉइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ डोमा परिसंघ, राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस, राष्ट्रीय चेयरमैन, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस केकेसी है।)**

# इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी






बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है। फिल्मकार इम्तियाज अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज हो गया है, जिसने दर्शकों को आने वाली इस प्रेम कहानी की भावनात्मक दुनिया की पहली झलक दी।

दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना, शर्वरी और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकारों को एक साथ लाने वाली यह फिल्म इम्तियाज अली की अगली परियोजना है। इसके काव्यात्मक दृश्यों और इम्तियाज अली की पहचान बन चुकी भावनात्मक कहानी कहने की शैली के कारण यह फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही काफी चर्चा और उत्साह पैदा कर चुकी है। टीजर के सामने आने के बाद पैदा हुए उत्साह के बीच अभिनेत्री शर्वरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्मकार के लिए एक बेहद निजी और भावनात्मक नोट साझा किया। शर्वरी लंबे समय से इम्तियाज अली को अपने सपनों के सहयोगी के रूप में देखती रही हैं। शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है, क्योंकि वर्षों से उनकी कहानियों और उनके किरदारों ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। इस सहयोग तक पहुंचने वाले अपने सफर को याद करते हुए शर्वरी ने इम्तियाध के लिए एक भावुक संदेश लिखा। फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

## कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे साकिब

**मुंबई।** अभिनेता साकिब सलीम अपने अगले ओटीटी सीरीज़ कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी ओरिजिनल सीरीज कप्तान का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें मुख्य भूमिका में साकिब सलीम नजर आ रहे हैं। सीरीज में साकिब समरदीप सिंह नाम के एक समर्पित पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जो बदले की आग और एक ईमानदार अफसर होने की जिम्मेदारी के बीच खुद को फंसा हुआ पाता है।



इस पोस्टर में साकिब पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं, जो इशारा करता है कि यह कहानी एक्शन से भरपूर होने वाली है। दर्शकों ने अब तक साकिब को पुलिस अधिकारी के रूप में नही देखा है, लेकिन यह पोस्टर साफ दिखाता है कि वह इस किरदार के जरिए अपने अभिनय के नए आयाम पेश करने के लिए तैयार हैं। कप्तान में साकिब सलीम के साथ कविता कौशिक, सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अनुष्का कौशिक, पूजा गोर और विक्रम कोचर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## इंडस्ट्री को मिलेंगे नए सितारे, एकता ने शुरू किया हुनर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर के नेतृत्व वाले बाला. जी टेलीफिल्म्स ने हुनर को लॉन्च करने की घोषणा की है। हुनर एक नई टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी है, जो कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने एवं परफॉर्म करने के कल्चर को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हुनर का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के मशहूर एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक साथ लाना है। यह उन्हें एक ऐसा प्लेटफॉर्म देगा, जो न केवल उनके आर्टिस्टिक ग्रोथ में मदद करेगा, बल्कि उन्हें अच्छे मौके दिलाने में भी साथ देगा। टैलेंट को तराशने और यादगार कहानियां बनाने की बालाजी की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल को कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर रिप्रेजेंटेशन और एक ऐसा माहौल देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जहां क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिल सके।











